दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली। शुक्रवार 18 जुलाई-2025 | वर्ष : 10 अंक : 209 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3









दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शुक्रवार 18 जुलाई-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 209 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3








## पूर्व विधायक श्री प्रशांत चौधरी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

## धर्मपाल सिंह की मां की तेरहवीं में जुटे सियासी दिग्गज, दी श्रद्धांजलि



**लखनऊ/ बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरूवार को स्वास्तिक गार्डेन, धामपुर, बिजनौर में धर्मपाल सिंह की माता स्वर्गीय भाग्यवती देवी के त्रयोदशी संस्कार में सम्मिलित होकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने कहा कि माता जी की मधुर स्मृतियाँ एवं उनके जीवन मूल्यों की छाया सदैव हमारे साथ जीवित रहेंगी। प्रभु श्रीराम जी से प्रार्थना की कि वह दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व देश और प्रदेश के गणमान्य लोगों व जनप्रतिनिधि गणों द्वारा नगीना-धामपुर रोड स्थित स्वास्तिक रिसार्ट में उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर निवासी धर्मपाल सिंह की माता स्वर्गीय भाग्यवती देवी के तेरहवीं कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

# नगर निगम ने मोदी-योगी के पोस्टरों से सजाए कांवड़ मार्ग

## अलग-अलग सरकारी योजनाओं और सफलताओं के पोस्टर लगाए







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम गाजियाबाद द्वारा पूरे कांवड़ मार्ग पर जगह-जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलग-अलग ड्रीम प्रोजेक्ट और सफलताओं को कांवड़ यात्रा मार्ग पर पोस्ट के जरिए सजाया गया है। कहीं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के ड्रोन प्रोजेक्ट को दशार्या गया है। तो कहीं दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर और काशी कॉरिडोर के चित्र लगाकर कांवड़ियों का स्वागत किया गया है।

कहीं पर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए शिव भक्तों का स्वागत किया जा रहा है। तो गंगाजल लेकर लौट रहे शिव भक्तों की यात्रा सुखद एवं सफल हो इसकी भी मंगल कामना की जा रही है। कुल मिलाकर पूरे कांवड़ मार्ग के दौरान नगर निगम गाजियाबाद द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तस्वीरों से सजे पोस्टर लगाकर अलग माहौल बनाया गया है।



### इलेक्ट्रॉनिक एलसीडी का भी हो रहा है पहली बार इस्तेमाल



करंट क्राइम : कांवड़ यात्रा मार्ग पर इस बार नगर निगम की ओर से पहली बार इलेक्ट्रॉनिक एलसीडी का भी इस्तेमाल हो रहा है। जिसमें नगर निगम की कई योजनाओं से लेकर शासन और उत्तर प्रदेश पुलिस से लेकर योगी आदित्यनाथ द्वारा शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा और कांवड़ यात्रा को सफलतापूर्वक करने के संदेश चलाए जा रहे हैं। इस एलईडी स्क्रीन को नगर निगम क्षेत्र गाजियाबाद में बड़ी संख्या में लगाया गया है ताकि कांवड़ मार्ग पर आने वाले शिव भक्त इसे देखें और अपने आप को गौरवावित महसूस करें।



### मार्ग पर लाइटिंग का भी किया जा रहा है विशेष प्रबंध

करंट क्राइम : नगर निगम गाजियाबाद के द्वारा पूरे कांवड़ मार्ग पर जहां साफ-सफाई, रंगाई, हाई मास्टर लाइट और अतिरिक्त लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। तो कांवड़ शिविर संचालकों ने भी पूरे मार्ग को रंग बिरंगी रोशनी से जगमग करने के लिए बड़ी-बड़ी रंग बिरंगी बड़ी और आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। तो मार्ग पर आने वाले बिजली के खाभों पर भी तिरंगी लाइट लगाई गई है। साथ ही उन पोल को कवर भी किया गया है ताकि कोई हादसा या दुर्घटना ना होने पाए।




# चुनाव से पहले नीतीश का मास्टरस्ट्रोक!

## बिहार में 125 यूनिट फ्री देने का ऐलान, 1 अगस्त 2025 से लागू

**पटना।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आम जनता को राहत देते हुए 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का ऐलान किया है। यह फैसला 1 अगस्त 2025 से लागू होगा, और जुलाई माह के बिल से ही इसका लाभ उपभोक्ताओं को मिलने लगेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद इस निर्णय की जानकारी ट्वीट के माध्यम से साझा की। उन्होंने कहा, ह्लहम लोग शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब तय कर लिया गया है कि राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली पर कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा।

नीतीश सरकार के इस फैसले से राज्य के कुल 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को सीधा फायदा मिलेगा। यह




योजना खासकर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होगी।

नीतीश कुमार ने कहा, 'हमने यह भी तय किया है कि अगले तीन वर्षों में इन सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जाएगा।' सीएम ने कहा, 'कुटीर ज्योति योजना के तहत जो अत्यंत निर्धन परिवार होंगे उनके लिए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने हेतु पूरा खर्च राज्य सरकार करेगी तथा शेष के लिए भी सरकार उचित सहयोग करेगी। इससे घरेलू उपभोक्ताओं को अब बिजली का 125 यूनिट तक कोई खर्च नहीं लगेगा, साथ ही साथ राज्य में अगले तीन वर्षों में एक अनुमान के अनुसार 10 हजार मेगावाट तक सौर ऊर्जा उपलब्ध हो जाएगी।'

राज्य सरकार का मानना है कि इन प्रयासों से न केवल बिजली का खर्च घटेगा, बल्कि अगले तीन वर्षों में राज्य को लगभग 10,000 मेगावाट सौर ऊर्जा उपलब्ध होगी, जिससे बिजली संकट भी काफी हद तक खत्म होगा।

# केवल दिल्ली की महिलाओं को ही मिलेगा डीटीसी बसों में मुफ्त सफर

## सीएम रेखा गुप्ता ने किया ऐलान, 2019 में शुरू हुई थी योजना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में डीटीसी की बसों में मुफ्त सफर करने वाली दिल्ली की बाहर की महिलाओं को झटका लग सकता है। अब मुफ्त सफर केवल दिल्ली की महिलाओं के लिए ही होगा।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार (17 जुलाई) को कहा कि जल्दी ही दिल्ली की महिलाओं को बसों में मुफ्त सफर के लिए पिंक टिकट की जगह पिंक पास लाएंगे। ये पास दिल्ली की महिलाओं को ही दिए जाएंगे।

दिल्ली की पूर्ववर्ती आप सरकार ने अक्तूबर 2019 को महिलाओं के लिए फ्री बस योजना की शुरूआत की थी। इसके तहत कोई भी महिला डीटीसी की बसों में फ्री में यात्रा कर सकती हैं। उन्हें बस में चढ़ने के बाद फ्री में पिंक टिकट लेना होता है। पिंक टिकट लेना अनिवार्य है। अब नए नियम के आने के बाद




दिल्ली के बाहर की महिलाओं को सफर के लिए पैसे देने होंगे।

नंदनगरी डिपो में ऑटोमैटिक टेस्टिंग स्टेशन का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि डीटीसी को 65000 करोड़ रुपये के घाटे से उबारेंगे। आईआईटी की मदद से बस रुट्स को तैयार किया जा रहा है।

**कैसे मिलेगा पास ? :** पिछले दिनों दिल्ली के अधिकारी ने बताया था कि दिल्ली की महिलाओं को ह्लसहेली स्मार्ट कार्डह्व दिया जाएगा, जो पूरी तरह डिजिटल होगा। कार्ड पर नाम और तस्वीर होगी। अधिकारी ने बताया था कि स्मार्ट कार्ड नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड के तहत जारी किया जाएगा। एनडीएमसी सिस्टम दिल्ली मेट्रो और नोएडा मेट्रो में पहले से है।

# यूपी के प्राचीन शिव मंदिरों का कायाकल्प करेगी योगी सरकार

**उत्तर प्रदेश सरकार ने बीते आठ वर्षों में 188 प्राचीन मंदिरों का कायाकल्प और सौंदर्यीकरण करवाया है। इससे धार्मिक पर्यटन के साथ ही तीर्थयात्रियों की संख्या भी बढ़ रही है।**



**लखनऊ।** पर्यटन विभाग, यूपी प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लि. और यूपी स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि. के सहयोग से प्रदेश भर में पर्यटन ढांचे को मजबूत करने के लिए कई परियोजनाएं शुरू करने की तैयारी है। इसके तहत सरकार कई प्राचीन शिव मंदिरों का कायाकल्प करेगी। इनमें से अधिकांश मंदिर, पिछली सरकारों में उपेक्षा के कारण दुर्दशा के शिकार थे।

बीते आठ साल में प्रदेश सरकार ने 188 प्राचीन मंदिरों का कायाकल्प व सौंदर्याकरण कराया है। सीएम के निर्देश से हो रहे इन कार्यों से न सिर्फ धार्मिक पर्यटकों व तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ रही है बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसरों को भी बल मिल रहा है।

इसी क्रम में आगरा के फतेहाबाद में भट्टा की पिपरी मौजा मेवाली खुर्द स्थित शिव मंदिर परिसर, फिरोजाबाद में चकलेश्वर महादेव मंदिर और समौर बाबा मंदिर क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के कार्य यूपी प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लि. से कराने की तैयारी है। गोरखपुर में भूलेश्वर मंदिर, खजनी महादेव शिव मंदिर और झारखंडी महादेव मंदिर के साथ गोंडा में तीरे मनोरमा मंदिर का पर्यटन विकास यूपी स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि. द्वारा किया जाएगा। तो मैनपुरी जिले में घंटाघर का सौंदर्याकरण यूपी प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लि. से कराया जाएगा।

वहीं, ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मिजार्पुर मंडल के तीन जिलों मिजार्पुर, भदोही और सोनभद्र में ग्रामीण पर्यटन विकास रणनीति तैयार करने और ग्रामीण होमस्टे विकसित करने के लिए एक एजेंसी का चयन किया जा रहा है। इसके तहत कुल 8 गांव में इस योजना को लागू करते हुए ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा।

**रोजगार और आर्थिक विकास को मिलेगा बढ़ावा :** पर्यटन के माध्यम से स्थानीय हस्तशिल्प, खाद्य उत्पादों और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। इन पर्यटन विकास परियोजनाओं से होटल, रेस्तरां, परिवहन, गाइड सेवाओं और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में नए रोजगार के द्वार खुल रहे हैं।

**यूपी बन रहा देश का अग्रणी पर्यटन गंतव्य :** उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी पर्यटन गंतव्य स्थल बन रहा है। प्रदेश सरकार हैरिटेज पर्यटन को भी बढ़ावा दे रही है। सरकार 11 विरासत स्थलों को विकसित करने की रूपरेखा बना चुकी है।

# 'तिलिस्मी' छांगुर बाबा पर बरसा योगी का डंडा

## 3 करोड़ी कोठी ध्वस्त, यूपी से मुंबई तक तड़ातड़ छापे

**बलरामपुर:** बीती पांच जुलाई को लखनऊ के एक होटल में ठहरे 76 साल के जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को यूपी एटीएस ने धरदबोचा। साथ में उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन भी मिली। दोनों को रिमांड पर लेकर पुलिस ने पूछताछ शुरू की। फिर जो खुलासे हुए, उसे जानकर हर कोई दंग रह गया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अख्तियार किया। उन्होंने सीधे शब्दों में कहा कि जलालुद्दीन की गतिविधियां समाज विरोधी ही नहीं बल्कि राष्ट्र विरोधी भी हैं। उसको ऐसी सजा दी जाएगी जो समाज के लिए नजीर बनेगी।



**14 बैंक खातों की मिली जानकारी, 5 विदेश में**

फिर छांगुर बाबा के बुरे दिन आ गए। सबसे पहले बलरामपुर की उसकी आलीशान कोठी को बुलडोजर से गिरा दिया गया। तीन करोड़ की इस कोठी में सुख-सुविधा के सभी साधन मौजूद थे। छापेमारी में पुलिस को शक्तिवर्धक दवाएं और मसाल आयल भी बरामद हुआ। इस कोठी को गिराने में प्रशासन का आठ लाख रुपया खर्च हुआ। इसे भी छांगुर बाबा से वसूला जाएगा। छांगुर बाबा के नेटवर्क को तोड़ने के लिए एटीएस ने यूपी के अलग-अलग जिलों में छापेमारी शुरू कर दी।

ईडी को छांगुर बाबा के 14 बैंक खातों की जानकारी मिली है। इनमें कई विदेशी देशों से जमकर फंडिंग आई है। बाबा का नेटवर्क नेपाल और दुबई तक फैला हुआ था। विदेश में भी इस गैंग के पांच बैंक अकाउंट के बारे में पता चला है। बताया जा रहा है कि गैंग के सदस्य पिछले कुछ सालों के भीतर 50 इस्लामिक देशों का दौरा कर चुके हैं। इन पैसों को किसने भेजा, इनका क्या उपयोग हुआ, ईडी इसके बारे में छानबीन कर रही है।

**हिंदू लड़कियों से लव जिहाद, फिर ब्लैकमेलिंग का खेल :** जांच में पता चला कि गैंग में शामिल लड़के हिंदू बनकर लड़कियों को अपने प्रेम जाल में फंसाते थे। उनसे शादी का वादा कर संबंध बनाते थे। इस बीच वे अश्लील वीडियो बनाकर उनको ब्लैकमेल करते थे। जबरन धर्म परिवर्तन कराने के लिए वह उनको छांगुर बाबा के पास ले जाया करते थे। छांगुर बाबा की गिरफ्तारी के बाद कई ऐसी लड़कियां सामने आई हैं। उन्होंने छांगुर और उसके गुर्गों पर जान से मारने की धमकी समेत कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

**छांगुर बाबा के नेटवर्क पर लगातार पुलिस कर रही 'चोट' :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान लेने के बाद प्रशासन और पुलिस के अफसर छांगुर बाबा और उसके नेटवर्क पर लगातार चोट कर रहे हैं। आठ जुलाई को सीएम योगी ने अपने हैंडल पर लिखा था- 'हमारी सरकार बहन-बेटियों की गरिमा और सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

### ईडी ने 14 ठिकानों पर मारे छापे

छांगुर बाबा के बेटे और भतीजे को भी गिरफ्तार कर लिया गया। अब पूरे मामले में ईडी की भी एंट्री हो गई। पता चला कि छांगुर बाबा और नीतू के बैंक खातों से 100 करोड़ के अवैध लेन–देन हुआ है। मुंबई में रहने वाले गैंग के सदस्य शहजाद के खाते से भी दो करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन हुआ। गुरुवार सुबह पांच बजे ईडी की कई टीमों ने एक साथ छांगुर बाबा के 14 ठिकानों पर रेड की। यूपी के 12 और मुंबई के 2 ठिकानों पर छापेमारी के दौरान हड़कंप मचा रहा।

# दुल्हन की बहन को भगा ले गया दूल्हा

## 50 हजार रुपये भी ले गई युवती, रिपोर्ट दर्ज



**ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।** ठाकुरद्वारा की युवती का मंगेतर शादी से पहले उसकी छोटी बहन को अगवा कर ले गया। इस मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बुधवार को पुलिस को बताया कि उसने अपनी बड़ी बेटी की शादी गांव गोपीवाला निवासी युवक के साथ दो वर्ष पूर्व तय की थी।

नवंबर 2025 में निकाह होना तय हुआ था। रिश्ता होने के बाद युवक का उनके घर पर आना-जाना हो गया। महिला का आरोप है कि 14 जुलाई को सुबह उसकी नाबालिग छोटी बेटी मार्केट में घर का सामान लेने गई थी। इसके बाद वह वापस नहीं आई तो उन्होंने उसकी तलाश शुरू की।

पता चला कि उसकी बेटी को उसका होने वाला दामाद अगवा कर ले गया। लड़की घर में रखे 50 हजार रुपये भी अपने साथ ले गई है। महिला का आरोप है कि शिकायत करने पर युवक पक्ष ने उसके साथ मारपीट भी की। पुलिस ने महिला को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

अगवानपुर निवासी विक्की ने सात लोगों पर मारपीट करने और धमकी देने में केस दर्ज कराया है। विक्की के मुताबिक वह 15 जुलाई को अपने रुपये मांगने मोहन के घर गया था। इसी दौरान वहां रवि, विशाल, जितेंद्र और अर्जुन ने उसके पिता के साथ गाली-गलौज की।

विक्की बीचबचाव करने पहुंचा तो आरोपियों ने उसके पिता चंद्र प्रजापति, भाई बबलू, मामा खचेडू और दोस्त सुनील के साथ मारपीट की। इसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। विक्की का कहना है कि आरोपी उसे जान मारने की धमकी दे रहे हैं। सिविल लाइंस थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि चार नामजद और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में लखनऊ की लंबी छलांग, 44वें से तीसरे स्थान पर पहुंचा



**लखनऊ।** कचरा प्रबंधन में बेहतर सुधार करके लखनऊ ने स्वच्छता रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है। स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में देशभर में लखनऊ को तीसरा स्थान मिला है। बृहस्पतिवार को दिल्ली में इसकी घोषणा हुई। राष्ट्रपति ने सफाई में बेहतर कार्य करने के लिए महापौर सुषमा खर्कवाल को प्रेसीडेंशियल अवार्ड भी प्रदान किया।

देश का कौन सा शहर सफाई में किस पायदान में है, इसे लेकर केंद्र सरकार की ओर से हर साल स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 कराया जाता है। 2023 की लिस्ट में लखनऊ 17वें पायदान से फिसलकर 44वें पर पहुंच गया था। लेकिन, एक साल में ही काम तेजी से सुधार करके नगर निगम ने इसे ठीक किया।

यही कारण रहा कि इस बार लखनऊ को देश में तीसरा स्थान मिला है। अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव ने बताया कि पहले स्थान पर अहमदाबाद और दूसरे पर भोपाल है। लखनऊ को तीसरा स्थान मिला है। उन्होंने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने किया रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में आरोप पत्र दायर कर दिया है। इसमें कई अन्य व्यक्तियों और कंपनियों के नाम भी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, ईडी ने शिकोहपुर भूमि सौदा मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ एक पूरक अभियोजन शिकायत दायर की है। मामला सितंबर 2018 का है, जब सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा, हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ और एक प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर में भ्रष्टाचार, जालसाजी और धोखाधड़ी सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं।



**क्या है मामला ? :** वाड्रा पर आरोप हैं कि उनसे जुड़ी कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड ने ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 7.5 करोड़ रुपये में 3.5 एकड़ जमीन खरीदी थी। इस सौदे का म्यूटेशन भी असामान्य तरीके से कर दिया गया। आरोप है कि हरियाणा के तत्कालीन भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार ने इस जमीन में से 2.70 एकड़ जमीन को कमर्शियल कॉलोनी के तौर पर डेवलप करने की इजाजत देते हुए रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी को इसका लाइसेंस दिया था। आवासीय परियोजना का लाइसेंस मिलने के बाद जमीन की कीमत बढ़ गई। बाद में वाड्रा से जुड़ी कंपनी ने कंपनी ने ये जमीन डीएलएफ को 58 करोड़ में बेच दी।

आगे चलकर हुड्डा सरकार ने आवासीय परियोजना का लाइसेंस डीएलएफ को ट्रांसफर कर दिया। आरोप है कि इस पूरी डील में कई अनियमितताएं की गई। हरियाणा पुलिस ने 2018 में इस सौदे से जुड़े मामले में केस दर्ज किया।

# मौत का मैदान बना पीलीभीत! बाघों ने मचाया आतंक, महिला की मौत

**पीलीभीत।** पीलीभीत के न्यूरिया इलाके में दो किसानों की जान लेने वाले बाघों ने फिर आतंक फैला दिया। बृहस्पतिवार सुबह दो घंटे के अंतराल में बाघ ने अलग-अलग



जगहों पर दो महिलाओं समेत तीन ग्रामीणों पर हमला कर दिया। इनमें मंडरिया गांव निवासी 50 वर्षीय तृष्णा की मौत हो गई। वह सुबह-सुबह खेत पर गई थीं, तभी बाघ उन्हें दबोच ले गया। उनका शव खेत से



बरामद हुआ। इससे 15 मिनट पहले मंडरिया के ही किशोर नीलेश पर बाघ ने हमला किया। नीलेश करीब 10 मिनट तक बाघ से लड़ता रहा। ग्रामीणों के शोर मचाने पर बाघ उसे छोड़कर भागा।

**सहजनिया में महिला को किया घायल :** मंडरिया से पहले सहजनिया और अनवरगंज गांवों में दूसरा बाघ देखा गया है। इस बाघ ने सुबह करीब छह बजे सहजनिया गांव निवासी मीना (50 वर्ष) पर हमला कर दिया। वह खेत पर जा रही थीं, तभी गन्ने के खेत से निकले बाघ ने उन्हें दबोच लिया और 20 मीटर तक खींच ले गया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर छोड़कर भाग गया। हमले से मीना गंभीर घायल हो गईं। उनकी पीठ में गहरा घाव हुआ है। घायल अवस्था में उनको तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

मंडरिया गांव में महिला की मौत के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। सूचना मिलते ही डीएम ज्ञानेंद्र सिंह और एसपी अभिषेक यादव फोर्स के साथ गांव पहुंच गए। वन विभाग की टीमें भी गांव में मौजूद हैं। इलाके में बाघों की तलाश तेज कर दी गई है, लेकिन बाघ लगातार चकमा दे रहा है।

**ग्रामीणों ने बनाया वीडियो :** सहजनिया और अनवरगंज के खेतों और सड़क पर घूमते बाघ का ग्रामीणों ने वीडियो भी बनाया है। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में दो बाघ है। लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीणों में वन विभाग की कार्यशैली को लेकर रोष है। ग्रामीण मांग कर रहे हैं कि बाघ की लगातार बढ़ रही चहलकदमी को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। हमले की सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। डिप्टी रेंजर शेर सिंह ने कहा कि इलाके में निगरानी की जा रही है। फिलहाल इलाके में बाघ का खौफ इस कदर फैला है कि लोग घरों में कैद हो गए हैं।

**काम न आ रहे हाथी और थर्मल ड्रोन :** सोमवार सुबह करीब छह बजे बाघ ने न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव फुलहर निवासी दयाराम को हमला कर मार डाला था।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
विकास पथ गाजियाबाद
(ISO 9001 :2015 एवं ISO 14001 :2015 प्रमाणित संस्था)

"सार्वजनिक सूचना"

एतद् द्वारा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विनीत गुप्ता एवं श्री पिंकी अग्रवाल द्वारा खसरा संख्या–378मि० ग्राम भोवापुर, गाजियाबाद की भूमि के क्षेत्रफल 3260.00 वर्ग मी० पर ऑन लाईन पोर्टल UPOBPAS.IN के माध्यम से होटल भवन मानचित्र संख्या–GDA/BP/24-25/0999 की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत मानचित्र पर प्राधिकरण के नियोजन अनुभाग की आख्यानुसार खसरा संख्या–378 मि०, ग्राम भोवापुर का भू–उपयोग 30 मीटर चौड़े महायोजना मार्ग के मार्गाधिकार छोडने के उपरान्त आंशिक भाग "आवासीय" एवं अवशेष भाग "जोनल लेवल पब्लिक/सेमी पब्लिक (पी.एस.पी.) फेसिलिटीज" प्रदर्शित है। जोनल डेवलपमेन्ट प्लान जोन–1 के जोनिंग रेगुलेशन के प्राविधान के अनुसार आवासीय के अन्तर्गत होटल की क्रिया सशर्त अनुमन्य है। ऐसी क्रिया की अनुमति से पूर्व जन–सामान्य से एक माह हेतु आपत्ति/सुझाव प्राप्त किये जाने का प्राविधान जोनिंग रेगुलेशन में निहित है। उक्त के दृष्टिगत कोई व्यक्ति/संस्था उक्त के सम्बन्ध में अपनी कोई आपत्ति/सुझाव देना चाहे तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति/सुझाव कार्यालय, मुख्य नगर नियोजक, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त समयावधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जा सकेंगा।

सचिव

ई-मेल : helplinegda@gmail.com, : @ Gda Ghaziabad : @ gdagzb
हेल्पलाईन 0120-4418 384, व्हाट्सएपः 9990988004 वेबसाईटः www.gdaghaziabad.in

एक सुन्दर शहर ............ हमारा संकल्प

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 • नई दिल्ली। शुक्रवार 18 जुलाई -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# 20 जुलाई से हिंडन एयरपोर्ट से इंडिगो की नई सेवाएं होंगी शुरू

## कार्यक्रम के लिए अतिथियों को भेजा गया आमंत्रण

**आठ शहरों को उड़ेंगे विमान, केंद्रीय मंत्री नागर विमानन किंजरिपू राम मोहन नायडू रहेंगे उपस्थित**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद का हिंडन हवाई अड्डा 20 जुलाई से इंडिगो विमान सेवा की आठ नए शहरों के लिए शुरू होने वाली हवाई सेवा का साक्षी बनने वाला है। इसके लिए बाकायदा तैयारी की जा रही हैं।

तो इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नागर विमानन किंजरिपू राम मोहन नायडू उपस्थित होंगे।

इस कार्यक्रम में गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग से लेकर सिविल एंक्लेव हिंडन हवाई अड्डा सलाहकार समिति के सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है। 20 तारीख को सुबह लगभग आठ बजे हिंडन एयरपोर्ट पर यह कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम टर्मिनल बिल्डिंग के अंदर आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर सुरक्षा व्यवस्था व अन्य बंदोबस्त किए जा रहे हैं।

### अहमदाबाद से वाराणसी तक जाएगी इंडिगो की फ्लाइट

करंट क्राइम : गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग और पूर्व सांसद रहे वीके सिंह के प्रयासों का गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट पर असर देखने को मिल रहा है। लगातार यहां से निजी विमान सेवाएं विस्तार की जा रही हैं। इसी कड़ी में अब विमानन कंपनी इंडिगो 20 जुलाई से हिंडन एयरपोर्ट सिविल टर्मिनल से आठ शहरों अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, इंदौर, कोलकाता, मुंबई, पटना और वाराणसी के लिए उड़ान सेवा शुरू करने जा रही है। इससे इन शहरों के लिए जाने वाले पश्चिमी यूपी के शहरों के लोगों को बड़ी राहत मिलने के साथ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उम्मीद है इंडिगो की फ्लाइट शुरू होने से लोगों को और राहत मिलेगी। कंपनी के अनुसार इसकी बुकिंग भी शुरू कर दी गई है।

### दिल्ली-एनसीआर के लोगों को मिल रहा है लाभ

करंट क्राइम : हिंडन एयरपोर्ट से नई-नई विमान सेवाएं शुरू हो रही हैं। तो अलग-अलग शहरों के लिए संपर्क बन रहा है। इसका फायदा दिल्ली-एनसीआर में रहने वाली बड़ी आबादी को मिल रहा है। हिंडन से इंडिगो की उड़ान सेवाएं शुरू होने से नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, बागपत, हापुड़ और गुड़गांव तक के लोगों को लाभ मिलेगा। तो वहीं विमान सेवाएं शुरू होने से भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण को भी लाभ पहुंच रहा है।

### हिंडन से अब रोजाना उड़ान भरेंगे 20 से ज्यादा फ्लाइट

करंट क्राइम : हिंडन एयरपोर्ट से इंदौर, अहमदाबाद, पटना, बंगलूरू, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और वाराणसी के लिए उड़ान शुरू कर रहा है। तो वहीं हिंडन एयरपोर्ट से अहमदाबाद और इंदौर के अलावा अन्य शहरों की उड़ान पहले से ही है। एयर इंडिया एक्सप्रेस की ओर से अन्य सभी शहरों की उड़ान है। ऐसे में हिंडन एयरपोर्ट से दो और नए शहर जुड़ेंगे, जबकि यहां से प्रतिदिन उड़ान की संख्या 21 होगी।

### जनसुनवाई





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। डीएम दीपक मीणा जनसुनवाई में जनता से जुड़े मामलों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हैं। एक ऐसे अधिकारी के रूप में जनता के बीच अपनी पहचान बनाने में सफल रहे हैं जो निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई करते हैं। गुरुवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जनसुनवाई में कई मामलों का निस्तारण किया और उनकी जनसुनवाई में कई लोगों के मामलों की सुनवाई हुई और उनके चेहरे पर मुस्कान लौट आई। जनसुनवाई के दौरान डीएम दीपक मीणा के साथ एडीएम ई रणविजय सिंह भी मौजूद रहे।

## किस जनप्रतिनिधि के खिलाफ हो रही है विरोध की भूमिका तैयार!

### लेटर पर हुए हैं साइन, संगठन वालों से मांगा गया है टाइम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भगवा गढ़ की राजनीति में इन दिनों सबकुछ सही नहीं चल रहा है। जनता ने जनादेश फूल को दिया है, लेकिन सूत्र बताते हैं कि फूल वालों के यहां ही सबकुछ कूल नहीं है। यहां एक जनप्रतिनिधि को लेकर जनप्रतिनिधियों की धारणा ही प्रतिकूल है। सूत्र बताते हैं कि अंदरखाने विरोध बढ़ रहा है और जनप्रतिनिधि के खिलाफ विरोध की भूमिका तैयार हो रही है।



माना जा रहा है कि जनप्रतिनिधि की कार्यशैली को लेकर विरोध है और क्रांतिकारी तरीके से विरोध की चिंगारी भड़क रही है। सूत्र बताते हैं कि अंदरखाने कोई हस्ताक्षर अभियान भी चल रहा है। अंदरखाने लेटर पर साइन हो रहे हैं और सुना है कि संगठन वालों से मिलने का टाइम भी मांगा जा रहा है। मामला सामूहिक रूप से सामने आने वाला है।

जनप्रतिनिधि को लेकर भाजपा में ही आक्रोश की भूमिका तैयार हो चुकी है और इस बात की संभावना जताई जा रही है कि किसी भी दिन नाराजगी का विस्फोट होगा। दरअसल मामला भाजपा की राजनीति से जुड़ा है और जिन जनप्रतिनिधि की बात हो रही है उन जनप्रतिनिधि के व्यवहार को लेकर आक्रोश है और कोई मामला ऐसा हुआ है जिसमें इन वाले जनप्रतिनिधि की भूमिका फूल वालों को ही डाउटफुल लग रही है। बताया जाता है कि कुछ मामले पिछले भी निकाले गए हैं और कई कामों का पूरा सिजरा तैयार हो गया है। आपस में एक राय बनाई जा रही है और गाजियाबाद का ये मामला लखनऊ में उजागर हो सकता है। फिलहाल गाजियाबाद की भगवा राजनीति में इन वाले जनप्रतिनिधि को लेकर चल रही पूरी घटनाक्रम की सुगबुगाहट भाजपा के सियासी गलियारों में है।

## पुलिस कमिश्नर ने बनाया ट्रैफिक मैनेजमेंट का प्लान

### संभाली ट्रैफिक के अधिकारियों ने कमान और काबू हो रहा है जाम

**- ट्रैफिक के 12 प्रेशर पॉइंट पर तैनात किए गए बड़ी संख्या में ट्रैफिक पुलिसकर्मी**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कांवड़ यात्रा 2025 को सुगम एवं निर्बाध यातायात व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस कमिश्नर रे रविंदर और एडीसीपी ट्रैफिक द्वारा नया प्लान बनाया गया है। जिसके तहत मुख्य कांवड़ मार्ग कादराबाद बॉर्डर थाना मोदीनगर से सीमापुरी थाना साहिबाबाद क्षेत्र को वन-वे किया गया था। इस मार्ग में 12 प्रेशर पॉइंट चिन्हित किए गए जहां अतिरिक्त पुलिसकर्मियों और ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। खुद एडीसीपी ट्रैफिक और तीनों जोन के डीसीपी स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि आम जनता को परेशानी ना होने दें। इसके लिए वह सिविल और ट्रैफिक पुलिस के साथ सामंजस बनाएंगे। तो पीक अवर्स में पुलिस कर्मियों पर निगरानी रखने के लिए सीसीटीवी और खुद अधिकारी ऑन रोड रहेंगे। इस पूरी व्यवस्था का मकसद है कि आम जनता को जाम से कम दोचार होना पड़ेगा और यातायात संचालन बेहतर ढंग से होता रहे।



जे रविंदर गौड
पुलिस कमिश्नर

### एडीसीपी ट्रैफिक सड़क पर उतकर संभाल रहे हैं कमान

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर द्वारा पूरे कमिश्नरेट के भीतर कांवड़ मार्ग पर जो 12 प्रेशर पॉइंट चिन्हित कराए गए हैं। उसमें राज चौपला, गंग नहर टी-प्वाइंट, एएलटी चौराहा यू-टर्न, घूकना मोड, मेरठ तिराहा यू- टर्न, न्यू लिंक रोड कट, हिंडन रिवर मेट्रो स्टेशन यू-टर्न, मोक्षधाम कनवानी कट, मोहन नगर पर अतिरिक्त वाहनों के दबाव को नियंत्रित करने के लिए यातायात पुलिस के साथ ही नागरिक पुलिस बल के अधिकारी और कर्मचारियों को लगाया गया है। तो वहीं कांवड़ यात्रियों की संख्या बढ़ने पर अब सिविल डिफेंस और डिजिटल वालंटियर फोर्स के कांवड़ मित्र भी इसमें सहयोग देंगे। बुधवार की रात और दिन में एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद और पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अलग-अलग जोन के यातायात निरीक्षकों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर ट्रैफिक की कमान संभाली गई।

### सोशल मीडिया के जरिए दिए जा रहे हैं ट्रैफिक अपडेट्स

करंट क्राइम : एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने जानकारी दी है की कांवड़ मार्ग और शहर के अलग मार्गों पर यातायात व्यवस्था ना बिगड़े लोगों को जान से दो-चार ना होना पड़े, इसके लिए वह आवश्यकता होने पर ही कावड़ मार्ग या मुख्य मार्गों पर आएं। वहीं वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करें। लोगों को सहूलियत रहे और जाम से परेशान ना होना पड़े इसके लिए लगातार सोशल मीडिया पर अपडेट्स दिए जा रहे हैं। उनको अलग-अलग व्हाट्सएप और सोशल मीडिया के प्लेटफार्म ग्रुप पर भी प्रसारित किया जा रहा है ताकि आम जनता को परेशान ना होना पड़े।

## पुलिस कमिश्नर आज करेंगे मुख्य कांवड़ कंट्रोल रूम का उद्घाटन

### सिविल डिफेंस के उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे जिलाधिकारी दीपक मीणा और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में मेरठ रोड तिराहे पर सिविल डिफेंस की देखरेख में बनाए जाने वाला मुख्य कांवड़ कंट्रोल रूम का शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने फीता काटकर उद्घाटन करेंगे।

इस उद्घाटन अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक भी उपस्थित होंगे। सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन एवं कंट्रोल रूम प्रभारी उपयुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान ने बताया है कि सिविल डिफेंस द्वारा यहां की सभी व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से संचालित किया जाएगा। तो वहीं सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल ने जानकारी दी है कि प्रत्येक वर्ष की भांति कांवड़ यात्रा को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए जो कांवड़ मुख्य कंट्रोल रूम मेरठ तिराहे पर बनाया जाता है वह अगले 5 दिनों तक 24 घंटे एक्टिव रहेगा। यहां कैंप के जरिए लोगों को चिकित्सा, खान-पान, स्वास्थ्य और ट्रैफिक कंट्रोल में मदद की जाएगी।









**पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में मेरठ रोड तिराहे पर मुख्य कांवड़ कंट्रोल रूम का पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड फीता काटकर उद्घाटन करेंगे।**

## 15 साल के कार्तिक ने स्वर्ण पदक जीत कर गाजियाबाद का नाम किया रोशन

### एशियाई अंडर-15 कुश्ती प्रतियोगिता में जीते

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** किर्गिस्तान के बिश्केक में आयोजित एशिया अंडर-15 कुश्ती प्रतियोगिता में गाजियाबाद के बम्हेटा निवासी कार्तिक ने अपने शानदार प्रदर्शन से स्वर्ण पदक हासिल किया। कार्तिक ने 85 किलोग्राम फ्री स्टाइल कुश्ती वर्ग में किर्गिस्तान के पहलवान को 11-4 से हराकर देश और अपने जिले का नाम रोशन किया। स्वर्ण विजेता का भव्य स्वागत : जब कार्तिक गाजियाबाद लौटे तो स्थानीय लोगों ने उनका फूलों, मालाओं और मिठाई से जोरदार स्वागत किया। सभी ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्तिक ने अपनी इस जीत को अपने कोच और माता-पिता के समर्थन के लिए समर्पित किया।

ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने का सपना : कार्तिक ने बताया कि वह प्रतिदिन 2 से 3 घंटे की कठिन प्रैक्टिस करते हैं और उनका अगला लक्ष्य ओलंपिक में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतना है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी यह जीत कोच प्रिंस के मार्गदर्शन और अपने माता-पिता के सहयोग से संभव हुई है। कोच का कहना: विश्व चैंपियनशिप की तैयारी जारी : कोच प्रिंस ने जानकारी दी कि कार्तिक बम्हेटा स्टेडियम में कई घंटे अभ्यास करते हैं। उनका लक्ष्य नवंबर में आयोजित होने वाली विश्व कुश्ती प्रतियोगिता में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतना है। कोच ने कार्तिक की मेहनत और लगन की सराहना की और कहा कि वह देश का भविष्य हैं।



बेटे ने देश का नाम रोशन किया : कार्तिक के पिता, योगेंद्र ने कहा कि बेटे की इस सफलता ने गाजियाबाद ही नहीं, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने अपने बेटे की हासिल की उपलब्धियों पर गर्व का इजहार किया।

## नगर निगम के कांवड़ शिविर का आज होगा उद्घाटन, महापौर और नगर आयुक्त रहेंगे मौजूद







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम गाजियाबाद द्वारा हर वर्ष की भांति सांई उपवन में लगाए जाने वाले विशाल कांवड़ यात्रा राहत शिविर का शुक्रवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और महापौर सुनीता दयाल द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। इस शिविर में प्रत्येक वर्ष हजारों कांवड़ियों की सेवा की जाती है। तो उनके लिए लगातार भंडारा, चिकित्सा और ठहरने के साथ ही अन्य व्यवस्था की जाती है। नगर निगम के अधिकारी, पार्षद , कर्मचारी व कर्मचारी संघ से जुड़े और जनप्रतिनिधि इस पूरे आयोजन को सफल बनाने के लिए मेहनत करते हैं और इसमें उनका योगदान रहता है।

नगर निगम के सांई उपवन में लगने वाले कांवड़ शिविर में जहां शिव भक्तों को स्वादिष्ट पकवान परोसा जाता है। तो वहीं उनके स्नान से लेकर मोबाइल चार्जिंग, चिकित्सा और आराम करने से लेकर 24 घंटे जलपान की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है। हर साल इसका आयोजन होता है। तो वहीं शुक्रवार को नगर निगम के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि इस कार्यक्रम में शामिल भी होंगे।

## डीसीपी ट्रांस हिंडन ने कांवड़ कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

### जीटी रोड और साहिबाबाद बॉर्डर इलाकों के कैमरों को जांचा

**- एसीपी साहिबाबाद, इंदिरापुरम और शालीमार गार्डन रहे मौजूद**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तीनों जोन के ट्रैफिक और कांवड़ यात्रा व्यवस्था को कंट्रोल करने के लिए मेरठ रोड स्थित मुख्य कांवड़ कंट्रोल रूम को लगातार एक्टिव किया जा चुका है। तो गुरुवार को खुद डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल द्वारा ट्रांस हिंडन जोन के सभी सीसीटीवी कैमरे और श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि से कांवड़ कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पूरे कांवड़ मार्ग पर लगे कैमरों के मूवमेंट देखने के साथ ही मार्ग पर क्या स्थिति है उसका नजारा देखा गया है। इस दौरान डीपीसी ने सहिबाबाद, इंदिरापुरम, खोड़ा, लिंक रोड, कौशांबी, शालीमार गार्डन व टीलामोड़ क्षेत्र के सभी रूट भी देखे।





### जीटी रोड से लेकर सीमा बॉर्डर तक डिजिटली की गई जांच

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आधुनिक कंट्रोल रूम के जरिए जहां डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल द्वारा जीटी रोड से लेकर सीमा बॉर्डर तक पूरे कांवड़ मार्ग का डिजिटली निरीक्षण किया गया है। तो वही यहां मौजूद पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं।



### जोन के तीनों एसीपी निरीक्षण में रहे मौजूद

करंट क्राइम : डीसीपी ट्रांस हिंडन द्वारा जब कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया, तो इस दौरान उनके जोन के अंतर्गत आने वाले तीनों एसीपी भी मौजूद रहे। जिसमें एसीपी साहिबाबाद और कांवड़ यात्रा की नोडल प्रभारी श्वेता यादव, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव और एसीपी शालीमार गार्डन अतुल सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## संपादकीय

# मंच पर शांति की बात

आतंकवाद अब पूरी दुनिया में शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बन गया है। इसे जड़ से खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयास के दावे तो बहुत किए जाते हैं, लेकिन धरातल पर ऐसा कुछ होता नजर नहीं आ रहा है। इसका कारण है कुछ देशों की कथनी और करनी में अंतर, जो कई अवसरों और मंचों पर साफ नजर आता है। इस मामले में भारत की नीति और नीयत पूरी तरह स्पष्ट है कि आतंक को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, पाकिस्तान जैसे मुल्क दोहरे मापदंड अपना कर एक तरफ खुद को आतंकवाद से पीड़ित बताते हैं, दूसरी ओर अपनी जमीन पर आतंकियों की फौज भी तैयार कर रहे हैं। इन तथ्यों का आकलन शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की हालिया बैठकों में आतंक के मुद्दे पर भारत और पाकिस्तान के रुख से किया जा सकता है। चीन के तियानजिन में बीते मंगलवार को हुई एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दो टूक कहा कि इस समूह को आतंकवाद से निपटने के अपने स्थापना उद्देश्य पर कायम रहना चाहिए। भारत आतंकवाद के खात्मे के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस दिशा में सामूहिक प्रयासों को मजबूत करने के लिए नए विचारों और प्रस्तावों पर सकारात्मक रुख अपना रहा है। भारत कई बार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के इन खतरनाक इरादों को बेनकाब कर चुका है। एससीओ की स्थापना के मूल उद्देश्य में आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ से निपटने के मुद्दे भी शामिल थे। हालांकि, इस संगठन में शामिल पाकिस्तान और चीन की दखल से इन मुद्दों को हाशिये पर धकेलने का प्रयास किया जाता रहा है। इसके पीछे नापाक मंसूबे छिपे हुए हैं, जो आतंकियों का वित्त पोषण कर उन्हें हथियार की तरह इस्तेमाल करने से प्रेरित हैं। भारत कई बार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के इन खतरनाक इरादों को बेनकाब कर चुका है। हालांकि पाकिस्तान हमेशा इससे इनकार करता आया है। आतंकवाद पर चीन अपनाए कड़ा रुखङ्ग विदेश मंत्री जयशंकर की ड्रैगन को दो टूक एससीओ सम्मेलन में भी उसने पहलगाम आतंकी हमले में अपनी भूमिका नहीं कबूली। जबकि, कंधार विमान अपहरण से लेकर मुंबई हमले, संसद पर हमला तथा उरी, पठानकोट और पहलगाम हमले में उसका हाथ होने की बात साक्ष्यों के साथ जाहिर हो चुकी है। वैश्विक आतंकवाद वित्त पोषण निगरानी संस्था एफएटीएफ की हालिया रपट में भी इस बात का उल्लेख किया गया है कि पहलगाम आतंकी हमला बिना वित्त पोषण के संभव नहीं था। इससे पहले जून में हुए एससीओ के रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले का हवाला देते हुए कहा था कि कुछ देश अपनी नीतियों में सीमापार आतंकवाद को एक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं और आतंकियों को पनाह दे रहे हैं। इसके बाद जब सम्मेलन का संयुक्त घोषणा-पत्र तैयार किया गया, तो उसमें पहलगाम आतंकी हमले का कोई जिक्र नहीं था और भारत ने इसका कड़ा विरोध किया था।

# ब्याज दरों में कटौती के बावजूद तेजी से बदलने वाले आंकड़ों में स्पष्ट मंदी

**नई दिल्ली।** नुवामा की रिपोर्ट की रिपोर्ट के अनुसार आरबीआई द्वारा ब्याज कटौती के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से बदलने वाले आंकड़ों में मंदी के संकेत दिखाई दे रहे हैं। यह कोविड महामारी से पहले के स्तर के समान पर पहुंच गई हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था के उच्च-आवृत्ति संकेतकों में मंदी के संकेत दिखाई दे रहे हैं। नुवामा की रिपोर्ट में दावा किया गया है। इसमें कहा गया कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दरों में कटौती और अन्य तरलता उपायों के बावजूद प्रमुख क्षेत्रों में विकास की गति में कमजोरी के संकेत दिख रहे हैं।

अर्थव्यवस्था में तेजी से बदलने वाले आंकड़ों को उच्च आवृत्ति संकेतक कहते हैं। ये आंकड़े हैं औद्योगिक उत्पादन, बेरोजगारी दर, मुद्रास्फीति दर, व्यापार संतुलन, आर्थिक विकास दर। रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश आर्थिक संकेतक डेटा जो एक साल पहले दोहरे अंकों में थे, अब एकल अंकों में आ गए हैं। यह कोविड महामारी से पहले के स्तर के समान है।




### बैंक ऋण वृद्धि और जीसटी संग्रह में आई गिरावट

भारत की बैंक ऋण वृद्धि जून 2025 तक घटकर 9 प्रतिशत रह गई है। यह एक साल पहले 16 प्रतिशत थी। इस गिरावट का मुख्य कारण आर्थिक गतिविधियों में मंदी और उधारी की मांग में कमी है। इसी प्रकार जीएसटी संग्रह जून 2025 में घटकर मात्र 6.2 प्रतिशत रह गया है। यह पिछले साल 11 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा था। यह गिरावट उपभोग और व्यावसायिक गतिविधि में मंदी का संकेत देती है।

### निर्यात में हुई केवल 6 प्रतिशत की वृद्धि

- बीते वर्ष 7% बढ़ा पैसेंजर वाहन बिक्री अब केवल 2% पर है।
- टॉप 7 शहरों में रियल एस्टेट की बिक्री वृद्धि 28% से 4% रह गई।
- बीएसई 500 कंपनियों में वेतन वृद्धि 12% से घटकर 6% रह गई।
- बीएसई 500 कंपनियों (तेल विपणन कंपनियों को छोड़कर) की लाभ वृद्धि दर 21 प्रतिशत से 10 प्रतिशत रह गई।
- आठ कोर सेक्टर की वृद्धि 8% से 3% पर आ गई।
- डिजल खपत 1% पर गिरावट आई।
- मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों M&HCV में बिक्री 3% की गिरावट आई है।
- वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात केवल 6 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि निर्यात वृद्धि भी धीमी बनी हुई है। कुल निर्यात (वस्तुओं और सेवाओं) में केवल 6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।

# भारत के विमानन क्षेत्र में अपार संभावनाएं आबादी के अनुपात में हवाई यातायात बेहद कम

**नई दिल्ली।** जेफरीज की भारत का विमानन उद्योग मजबूत विकास पथ पर है और वैश्विक मानकों के बराबर पहुंचने की इसमें पर्याप्त गुंजाइश है। हालांकि विश्व की लगभग 18 प्रतिशत आबादी होने के बावजूद, वैश्विक हवाई यातायात में भारत की हिस्सेदारी केवल 4 प्रतिशत है। भारत के विमानन क्षेत्र में वृद्धि की आपार संभावनाएं हैं। विश्व की लगभग 18 प्रतिशत आबादी होने के बावजूद, वैश्विक हवाई यातायात में भारत की हिस्सेदारी केवल 4 प्रतिशत है। जेफरीज की हालिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।



### यात्री संख्या के आधार पर भारत विश्व का तीसरा बाजार

रिपोर्ट में बाताया गया कि यात्री संख्या के आधार पर भारत पहले से ही अमेरिका और चीन के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार है। हालांकि जनसंख्या के आकार की तुलना में यह क्षेत्र अभी भी अपर्याप्त रूप से विकसीत है। भारत में प्रति व्यक्ति हवाई यात्रा बहुत कम है। यह विकास के विशाल अवसरों की ओर इशारा करता है।

### हवाई संपर्क संकेतक की स्थिति बेहतर होने की उम्मीद

इसमें कहा गया कि बढ़ती आय, तेज शहरीकरण और बेड़े के विस्तार व हवाईअड्डा अवसंरचना में लगातार हो रहे निवेश से इस क्षेत्र में उच्च एकल अंक से लेकर निम्न दोहरे अंकों तक की निरंतर वृद्धि की उम्मीद है। देश के हवाई संपर्क संकेतक भी बेहतर हो रहे हैं, जिसमें नए घरेलू मार्गों की शुरूआत और अधिक अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विस्तार शामिल है। इसमें सीधे विदेशी गंतव्यों तक की कनेक्टिविटी भी जोड़ी जा रही है। भारत और चीन की तुलना

भारत के विमानन उद्योग की तुलना चीन से की गई है ताकि विकास के अवसरों पर जोर दिया जा सके। जहां चीन सालाना 0.7 अरब से ज्यादा हवाई यात्रियों को संभालता है।

# कांग्रेस ने मनरेगा के संचालन से जुड़ी खामियों पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गुरुवार को मनरेगा में उपस्थिति और कार्यों के डिजिटल सत्यापन के लिए प्रयोग होने वाली राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली एप्लीकेशन (एनएमएमएस एप) से जुड़ी संचालन संबंधी खामियों को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा। मुख्य विपक्षी दल ने इस अव्यवहारिक और प्रतिकूल मॉडल को तत्काल वापस लेने की मांग की।



**जयराम रमेश बोले**- फर्स्ट अनाउंस, सेकंड थिंक सरकार का आदर्श वाक्य

कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने कहा कि ऋअरळ मोदी सरकार का स्वघोषित आदर्श वाक्य है और इसका वास्तविक अर्थ है- पहले घोषणा करो, फिर सोचो (फर्स्ट अनाउंस, सेकंड थिंक)। रमेश ने एक बयान में कहा कि मई 2022 में मोदी सरकार ने उपस्थिति और कार्यों के डिजिटल सत्यापन के लिए मनरेगा में राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली (एनएमएमएस) एप पेश किया। और जब से यह किया गया है, कांग्रेस एनएमएमएस के साथ परिचालन संबंधी समस्याओं को उजागर कर रही है और यह बता रही है कि यह कैसे मनरेगा की भावना को नुकसान पहुंचा रहा है।

**कांग्रेस बोली**- सरकार ने अपनी अधिसूचना में एनएमएमएस की खामियों को माना उन्होंने कहा, अब 8 जुलाई 2025 को जारी एक अधिसूचना में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने अंततः एनएमएमएस से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को स्वीकार किया है। यह शुरू से ही स्पष्ट था कि नरेगा कार्यस्थलों से तस्वीरें अपलोड करने से ऐसे वास्तविक श्रमिक बाहर हो जाएंगे, जिनकी तस्वीरें कनेक्टिविटी समस्याओं के कारण अपलोड नहीं की जा सकीं। कांग्रेस नेता ने कहा- एनएमएमएस पूरी तरह से निरर्थक कांग्रेस नेता ने बताया कि एनएमएमएस मस्टर रोल पर फर्जी श्रमिकोंर को प्रदर्शित होने से नहीं रोक सकता, क्योंकि फर्जी श्रमिक दिन में दो बार फोटो खिंचवाने के लिए जा सकते हैं, और एक मिनट भी काम किए बिना भुगतान प्राप्त कर सकते हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- शेरनियां, पुरूष शेर की तुलना में बेहतर शिकारी होती हैं और एक अपने शिकार के लिए अधिकांश काम वही करती हैं।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की शेरों की भयानक रात दृष्टि होती है वे मनुष्यों की तुलना में प्रकाश के प्रति 6 गुना अधिक संवेदनशील होते हैं! रात में शिकार करते समय यह उन्हें कुछ शिकार प्रजातियों पर एक विशिष्ट लाभ देता है!
- चूंकि शेर की हड्डियां दुर्लभ होती जा रही हैं, शिकारियों ने एशिया में पारंपरिक चिकित्सा की तीव्र मांगों की आपूर्ति के लिए शेर की हड्डियों की तरफ अपना रुख कर लिया हैं।
- क्या आप जानते हैं? शेर एक बच्चे के लिए लगभग 3,000 बार संभोग करते हैं!
- जंगली शेर एक दिन में करीब 20 घंटे आराम करते हैं।
- तुर्की में कहावत है एक शेर हर बहादुर आदमी के दिल में सोता है।
- दुनिया में असली सिंहों से अधिक तो शेरों की मूर्तियां हैं।
- प्राचीन मिस्त्रियों ने अपनी ताकत, शक्ति और उग्रता के कारण अपने युद्ध देवताओं के रूप में शेरों को सम्मानित किया। मशहूर स्फिंक्स मिस्त्र की संस्कृति में शेर के कई पौराणिक चित्रणों में से एक है।

## राशिफल

**मेष :** आज पार्टनर की खुशी के लिए प्रेम जीवन में ना चाहते हुए भी साथ देना होगा। गृहस्थ के जन्म और जन्म के योग हैं। सिंगल के प्रेम संबंधी मामलों में उदासीनता रहेगी।

**वृष :** प्रेमी-प्रेमिका का दिन रोमांस से भरा रहेगा लेकिन रिश्ते को लेकर मन में दुविधा रहेगी। जीवनसाथी के लिए आज का दिन खुशियों भरा रहेगा।

**मिथुन :** लव लाइफ में अपनी एनर्जी को लेकर विचलित रहेगा। सिंगल की रुचि धर्म और अध्यात्म के प्रति बढ़ेगी। शादीशुदा जोड़े कहीं बाहर जाने का प्लान बनाएंगे।

**कर्क :** प्रेमी के साथ किसी भी तरह की बहस से बचें। प्रेमी पर अनावश्यक खर्च करना पड़ सकता है। प्रेमी को शांति और खुशी के साथ मनाएं।

**सिंह :** लव लाइफ में आपको कठिन परिस्थितियों से गुजरना पड़ सकता है। अपनी ऊर्जा की मदद से आप कठिन परिस्थितियों पर आसानी से नियंत्रण पा लेंगे।

**कन्या :** दिन उत्साहवर्धक रहेगा। जीवनसाथी आज आपकी हर मनोकामना पूरी कर सकता है। परिवार से प्यार करने वाले साथी सब आपके पक्ष में हैं।

**तुला :** आज साथी बहुत करीब रहेंगे, दोनों मिलकर भविष्य के लिए कुछ बड़े निवेश की योजना बनाएंगे। लव लाइफ में आपको काफी खुशी का अनुभव होगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन मंगलमय रहेगा। आप तैयार हो सकते हैं और किसी मित्र से मिलने जा सकते हैं। आपका आकर्षण आपके प्रेमी को अपनी ओर आकर्षित करेगा।

**धनु :** आज आपके रिश्ते में कोई तीसरा व्यक्ति गलतफहमी पैदा कर सकता है। आपने जो सुना है उससे दूर रहें। सिंगल के जीवन में ढेर सारी खुशियां आएंगी।

**मकर :** आज आपके वैवाहिक संबंध बन सकते हैं। अगर आप एनआरआई हैं तो शादी करना चाहते हैं या विदेश में बसना चाहते हैं तो आज ही ट्राई करें।

**कुंभ :** शादीशुदा जोड़ों की संपत्ति से जुड़े मामले सुलझेंगे, राहत की सांस लेंगे। किसी से एक मुलाकात किसी वरदान से कम नहीं होगी। लव लाइफ मस्त रहेगी।

**मीन :** आपके किसी सहकर्मी से प्रेम संबंध बन सकते हैं। साथ में यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा। दिन रोमांचक है और रोमांटिक भी किसी महिला से लाभ होगा।

## चुटकुले

पप्पू - चायपत्ती और पति में क्या समानता है, जानते हो...?
गप्पू - नहीं... तुम ही बताओ...!
पप्पू - दोनों के ही भाग्य में 'जलना' और 'उबलना' लिखा है...
और वो भी औरतों के हाथों...!

---

टीटी ने पप्पू को प्लेटफॉर्म पर पकड़ लिया...!
टीटी - टिकट दिखाओ...!
पप्पू - अरे मैं ट्रेन में आया ही नहीं...!
टीटी - क्या सबूत है...?
पप्पू - अबे सबूत यही है कि मेरे पास टिकट नहीं है...!

---

मास्टर जी - तुमने कभी कोई नेक काम किया है...?
पप्पू - हां सर, किया है...!
मास्टर जी - कौन सा...?
पप्पू - एक बार एक बुजुर्ग आराम से घर जा रहे थे,
मैंने उनके पीछे कुत्ता लगा दिया...
जल्दी पहुंच गए...!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# 15 साल में पहली बार! बांग्लादेश ने श्रीलंका को हराकर जीती टी20 सीरीज, कप्तान लिटन और मेहदी चमके



**ढाका।** लिटन दास की अगुआई में बांग्लादेश की टीम ने इतिहास रच दिया है। बांग्लादेश ने श्रीलंका को उसके घर में तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2-1 से शिकस्त दी है। कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए तीसरे और निर्णायक मैच में बांग्लादेश की टीम ने आठ विकेट से जीत हासिल की। स्पिनर मेहदी हसन प्लेयर ऑफ द मैच रहे, जबकि कप्तान लिटन दास प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने 20 ओवर में सात विकेट पर 132 रन बनाए थे। जवाब में बांग्लादेश ने 16.3 ओवर में दो विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। पहला टी20 श्रीलंका ने सात विकेट से अपने नाम किया था, जबकि दूसरा टी20 बांग्लादेश ने 83 रन से जीता था। इससे पहले दो मैचों की टेस्ट सीरीज श्रीलंका ने 1-0 से और तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम की थी।

श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 132 रन बनाए। पाथुम निसांका सर्वोच्च स्कोरर रहे। उन्होंने 39 गेंद में चार चौके की मदद से 46 रन की पारी खेली। टीम के छह बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। इनमें कुसल परेरा तो खाता भी नहीं खोल पाए। कुसल मेंडिस छह रन, दिनेश चांदीमल चार रन और कप्तान चरिथ असलंका तीन रन बनाकर आउट हुए। वहीं, कामिंदु मेंडिस ने 15 गेंद में 21 रन और दासुन शनाका ने 25 गेंद में चार चौके और दो छक्के की मदद से 35 रन की नाबाद पारी खेली। वांडरसे सात रन बनाकर आउट हुए। महेश तीक्षणा छह रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश की ओर से स्टार स्पिनर मेहदी हसन ने चार ओवर में 11 रन देकर चार विकेट झटके। यह मेहदी के टी20 करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है। उन्होंने अपने चारों ओवर में एक-एक विकेट निकाला। मेहदी ने निसांका, परेरा, असलंका और चांदीमल को पवेलियन भेजा। इसके अलावा शोरिफुल इस्लाम, मुस्तफिजुर और शमीम को एक-एक विकेट मिला।

### बांग्लादेश ने पहली बार जीती टी20 सीरीज

यह बांग्लादेश की श्रीलंका पर पहली टी20 सीरीज जीत है। दोनों टीमें 2007 से टी20 खेल रही हैं, लेकिन दोनों टीमों के बीच पहली द्विपक्षीय टी20 सीरीज 2013 में खेली गई थी। दोनों टीमों के बीच यह पांचवीं द्विपक्षीय टी20 सीरीज रही। लिटन के नियमित टी20 कप्तान बनने के बाद से यह बांग्लादेश की तीसरी टी20 सीरीज है। बांग्लादेश ने इन तीन सीरीज में पहली बार कोई सीरीज जीती। इससे पहले बांग्लादेश को पाकिस्तान के खिलाफ 3-0 से और यूएई के खिलाफ 2-1 से हार का सामना करना पड़ा था।

### बांग्लादेश की पारी

133 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की टीम की शुरूआत खराब रही थी। परवेज हुसैन इमोन पारी की पहली ही गेंद पर नुवान थुसारा के शिकार बने। इसके बाद तंजीद हसन तमीम और कप्तान लिटन ने दूसरे विकेट के लिए 74 रन की साझेदारी निभाई। लिटन 26 गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 32 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, तंजीद ने 47 गेंद में एक चौका और छह छक्के की मदद से 73 रन की नाबाद पारी खेली। तौहिद हृदोय ने 25 गेंद पर एक चौका और एक छक्के की मदद से नाबाद 27 रन बनाए। श्रीलंका की ओर से नुवान और मेंडिस को एक-एक विकेट मिला।

# 'प्रो लीग का प्रदर्शन एशियाई खेलों और विश्व कप से पहले अच्छा सबक' श्रीजेश का टीम इंडिया को लेकर बयान




**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान और गोलकीपर पी आर श्रीजेश का मानना है कि हाल ही में समाप्त हुई एफआईएच प्रो लीग अगले साल होने वाले एशियाई खेलों और विश्व कप से पहले पुरुष राष्ट्रीय हॉकी टीम के लिए अच्छा सबक है। भारत को प्रो लीग के यूरोपीय चरण में संघर्ष करना पड़ा और वह नौ टीमों में से आठवें स्थान पर रहा। टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत की कांस्य पदक विजेता टीमों का हिस्सा रहे श्रीजेश का मानना है कि खिलाड़ियों ने बहुत खराब प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन दुर्भाग्य से परिणाम टीम के पक्ष में नहीं रहे। श्रीजेश ने बुधवार की रात को एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 'मुझे लगता है कि खिलाड़ियों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, हमने कई मौके बनाए। हमने कड़ी चुनौती दी लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है जब परिणाम आपके पक्ष में नहीं आते हैं। हमारी तैयारी अच्छी थी, लेकिन दुर्भाग्य से परिणाम हमारे लिए अच्छे नहीं रहे लेकिन कोचों के पास एशिया कप के लिए टीम तैयार करने के लिए पर्याप्त समय है और निश्चित रूप से अगले साल एशियाई खेल और विश्व कप भी है।'

श्रीजेश ने कहा, 'मुझे लगता है कि इस प्रो लीग ने हमें विश्व कप और एशियाई खेलों की तैयारी के लिए कड़ा सबक सिखाया है।' एशियाई खेलों का आयोजन 19 सितंबर से चार अक्तूबर तक जापान के आइची-नागोया में किया जाएगा। विश्व कप 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में आयोजित किया जाएगा। पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद संन्यास लेने के बाद श्रीजेश अब भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम के कोच हैं और वह इसका आनंद ले रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'मेरी दिनचर्या पहले जैसी ही है। जब आप सुबह जल्दी उठते हैं तो खिलाड़ियों को तैयार करने के बारे में सोचते हैं। यह सुनिश्चित करते हैं कि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं और बाकी दिन अगले सत्र की तैयारी करते हैं। अंतर सिर्फ इतना है कि पहले शारीरिक हिस्से पर अधिक जोर देना पड़ता था लेकिन अब दिमाग पर ज्यादा जोर देना पड़ता है लेकिन मैं इसका पूरा आनंद ले रहा हूं।'

भारत इस वर्ष 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में एफआईएच जूनियर विश्व कप की मेजबानी करेगा और श्रीजेश अपने खिलाड़ियों को तैयार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, 'उनके (खिलाड़ियों) लिए सबसे बड़ी चुनौती जूनियर विश्व कप है क्योंकि चार देशों के टूर्नामेंट और इस तरह की अन्य प्रतियोगिताएं उन पर जूनियर विश्व कप जितना दबाव नहीं डालतीं। मेरा काम उन्हें इन टूर्नामेंट के लिए अच्छी तरह से तैयार करना है।'

जूनियर विश्व कप में भारत को पूल बी में पाकिस्तान, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया है। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण जूनियर विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं, लेकिन श्रीजेश किसी एक विशेष टीम पर ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'हम एक ही पूल (भारत और पाकिस्तान) में हैं, लेकिन मैं नहीं चाहता कि मेरे खिलाड़ी किसी एक विशेष टीम के बारे में सोचें।'

# सिंधू के बाद लक्ष्य सेन और सात्विक-चिराग भी हारे, जापान ओपन से हुए बाहर



**नई दिल्ली।** भारतीय खिलाड़ियों का जापान ओपन में निराशाजनक प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा। लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी दूसरे दौर में हारकर इस सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। विश्व के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को पुरुष एकल में जापान के कोडाई नाराओका के हाथों 19-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला करीब एक घंटे तक चला।

इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले मैच में चीन के वांग झेंग जिंग पर 21-11, 21-18 से जीत दर्ज की थी, लेकिन वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख सके। इससे पहले पुरुष युगल में सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी को चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 44 मिनट तक चले मुकाबले में 22-24, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

इस जीत से पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता वेई केंग और वांग चांग ने भारतीय जोड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 7-2 कर लिया। सात्विक और चिराग ने धीमी शुरूआत की लेकिन जल्द ही लय हासिल करके पहले गेम में 18-14 से बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी हालांकि अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाई और चीन की जोड़ी ने वापसी करते हुए पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में भारतीय टीम आक्रमण और रक्षा दोनों में लड़खड़ा गई और उसे वेई केंग और वांग चांग के खिलाफ लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा।

# 'राष्ट्रीय खेल विधेयक के मसौदे को तैयार करने में आईओसी से परामर्श किया गया', बोले मनसुख मांडविया



**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक का मसौदा न केवल यहां के हितधारकों, बल्कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) और विश्व में फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से भी राय लेकर तैयार किया गया है।यह विधेयक 21 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र में पेश किया जाएगा।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए), राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ), कॉरपोरेट जगत और खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी वाले एक दिवसीय ह्यखेलो भारत सम्मेलनह्ल को संबोधित करते हुए मंत्री ने विधेयक पारित कराने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, जिसके लिए उन्होंने पूर्व खेल मंत्री और कांग्रेस नेता अजय माकन से भी चर्चा की है।

मांडविया ने कहा, 'मैंने एनएसएफ, खिलाड़ियों, कोचों के साथ कई बार विचार-विमर्श किया और जब ड्राफ्ट को सुझावों के लिए ऑनलाइन डाला गया तो जनता से 600 इनपुट भी प्राप्त किए। मैंने खेलों से जुड़े वकीलों के साथ भी तीन घंटे की बैठक की ताकि उनका दृष्टिकोण समझा जा सके। आईओसी के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय खेल महासंघों से भी परामर्श किया गया। फीफा का एक सवाल था और मैंने उनके साथ चर्चा करने के लिए एक अधिकारी को उनके मुख्यालय भेजा। राष्ट्रीय खेल विधेयक अब पूरी तरह से तैयार है और इसे मानसून सत्र के दौरान संसद में पेश किया जाएगा।'

विधेयक में देश के खेल प्रशासकों को एक नियामक बोर्ड के प्रावधान के साथ अधिक जवाबदेह बनाने का प्रयास किया गया है। इसके अलावा विधेयक में शासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नैतिकता आयोग और विवाद समाधान आयोग की स्थापना का प्रस्ताव है। आईओए ने इसका विरोध किया है, जिसका मानना है कि नियामक बोर्ड सभी एनएसएफ के लिए नोडल निकाय के रूप में उसकी स्थिति को कमजोर करेगा। मांडविया ने कहा, 'मैंने अजय माकन (वरिष्ठ कांग्रेस नेता) से भी बात की। उन्होंने इस विधेयक को पारित करवाने के लिए अच्छे प्रयास किए हैं।'

# वनडे में टीम इंडिया की जीत से शुरूआत, पहले मैच में इंग्लैंड की महिला टीम को चार विकेट से हराया




**नई दिल्ली।** टी20 सीरीज जीतने के बाद वनडे सीरीज जीतने के इरादे से उतरी भारतीय टीम ने पहले मैच में इंग्लैंड को चार विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लिश टीम ने 50 ओवर में छह विकेट गंवाकर 258 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम ने 48.2 ओवर में छह विकेट पर 262 रन बनाकर मैच जीत लिया। दीप्ति शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। अगला वनडे 19 जुलाई को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। भारत ने पांच मैचों की टी20 सीरीज 3-2 से अपने नाम किया था।

### इंग्लैंड की पारी

इंग्लैंड की कप्तान नैट शीवर ब्रंट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। टीम की ओपनिंग खराब रही थी। 20 रन तक टीम ने दो विकेट गंवा दिए थे। टैमी ब्यूमोंट पांच रन और एमी जोंस एक रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद एम्मा लैंब ने कप्तान शीवर के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी निभाई। एम्मा 50 गेंद में चार चौके की मदद से 39 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, कप्तान शीवर 52 गेंद में पांच चौके की मदद से 41 रन बना सकीं। एक वक्त इंग्लैंड ने 97 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद सोफिया डंकले और डेविडसन रिचर्ड्स ने पांचवें विकेट के लिए 106 रन की साझेदारी निभाई। सोफिया 92 गेंद में नौ चौके की मदद से 83 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, डेविडसन 73 गेंद में दो चौके की मदद से 53 रन बना सकीं। सोफिया एक्लेस्टोन 19 गेंद में तीन चौके की मदद से 23 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत की ओर से क्रांति गौड़ और स्नेह राणा ने दो-दो विकेट लिए। वहीं, अमनजोत कौर और श्री चरणी को एक-एक विकेट मिला।

### भारत की पारी

259 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरूआत ठीक ठाक रही। स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल ने पहले विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी निभाई। मंधाना 24 गेंद में पांच चौके की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, प्रतिका ने फिर दूसरे विकेट के लिए हरलीन देओल के साथ 46 रन की साझेदारी निभाई। प्रतिका 51 गेंद में तीन चौके की मदद से 36 रन बनाकर आउट हुईं। हरलीन और कप्तान हरमनप्रीत भी कुछ खास नहीं कर सकीं। हरलीन 44 गेंद में चार चौके की मदद से 27 रन बनाकर और हरमनप्रीत 17 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। फिर जेमिमा रॉड्रिग्स ने दीप्ति शर्मा के साथ मिलकर पारी संभाली। दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी हुई। जेमिमा 54 गेंद में पांच चौके की मदद से 48 रन बनाकर आउट हुईं और अर्धशतक से चूक गईं। वहीं, ऋचा घोष ने 10 रन बनाए। दीप्ति ने फिर अमनजोत कौर के साथ मिलकर टीम इंडिया को जीत दिलाई। दीप्ति 64 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 62 रन और अमनजोत 14 गेंद में तीन चौके की मदद से 20 रन बनाकर नाबाद रहीं। इंग्लैंड की ओर से चार्लोट डीन को दो विकेट मिले। वहीं, लॉरेन बेल, एक्लेस्टोन और फाइलर को एक-एक विकेट मिला।

# फ्रीस्टाइल शतरंज में प्रज्ञानंद और एरिगैसी क्वार्टर फाइनल में, कार्लसन खिताब की दौड़ से बाहर




**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर अपने हम वतन अर्जुन एरिगैसी के साथ यहां चल रहे 750,000 डॉलर इनामी फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम टूर के शीर्ष ब्रैकेट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

कार्लसन के लिए पिछले कुछ समय से भारतीय खिलाड़ियों से पार पाना मुश्किल रहा है। उन्हें कुछ सप्ताह पहले मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने भी हराया था जो इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। कार्लसन के खिलाफ 19 वर्षीय प्रज्ञानानंदा अपने पूरे रंग में थे। उन्होंने शुरू से ही अपने मोहरों को प्रभावी ढंग से तैनात किया। कार्लसन को कुछ मौके मिले, लेकिन प्रज्ञानानंदा ने कुछ शानदार चालों से उन्हें नाकाम कर दिया।

इस हार का कार्लसन पर इतना गहरा प्रभाव पड़ा कि वह अगले राउंड में वेस्ली सो के खिलाफ एक और गेम हार गए और चौथे स्थान के लिए हुए अंतिम टाईब्रेकर में अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने उन्हें 2-0 से हराकर शीर्ष ब्रैकेट में खिताब की दौड़ से बाहर कर दिया। एरिगैसी दूसरे ग्रुप से क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय थे। एरिगैसी को शुरूआत में कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा लेकिन बाद में उन्होंने लय हासिल करके अंतिम आठ में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में प्रज्ञानानंदा का मुकाबला अमेरिका के फैबियानो कारूआना से होगा जबकि एरिगैसी को अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से भिड़ना होगा।

# भारतीय अंडर-19 टीम ने किया ऐतिहासिक लॉर्ड्स का दौरा, कप्तान आयुष बोले- यह सब एक सपने जैसा



**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-19 टीम इन दिनों इंग्लैंड दौरे पर है। फिलहाल दोनों देशों की युवा टीमों के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज जारी है, जिसका पहला मुकाबला मंगलवार को ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। दूसरा मुकाबला 20 जुलाई से केल्म्सफोर्ड में खेला जाएगा। इस मैच से पहले आयुष म्हात्रे के नेतृत्व वाली भारतीय अंडर-19 टीम ने गुरुवार को ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड का दौरा किया। इस दौरान कोच ऋषिकेश कानिटकर भी मौजूद रहे।

### म्हात्रे ने लॉर्ड्स में मनाया 18वां जन्मदिन

चेन्नई सुपर किंग्स के युवा बल्लेबाज और भारतीय अंडर-19 टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे ने लॉर्ड्स में अपना 18वां जन्मदिन मनाया। इस दौरान उन्होंने कहा- 'इस प्रतिष्ठित मैदान पर अपना जन्मदिन मनाकर मैं बहुत खास महसूस कर रहा हूं। यह मेरे जीवन के अब तक के सबसे यादगार पलों में से एक है।'

### लॉर्ड्स म्यूजियम पहुंचे भारतीय खिलाड़ी

लॉर्ड्स की यात्रा के दौरान भारतीय अंडर-19 टीम के खिलाड़ियों ने लॉर्ड्स के ऑनर्स बोर्ड को भी देखा। इस दौरान युवा खिलाड़ियों को लॉर्ड्स म्यूजियम का भी दौरा करने का मौका मिला, जहां हाल ही में सचिन तेंदुलकर के चित्र का अनावरण किया गया था। खिलाड़ियों को इन लम्हों को अपने फोन में कैद करते देखा गया।

# 'बंगलूरू में भगदड़ के लिए आरसीबी टीम, डीएनए नेटवर्क और केएससीए जिम्मेदार'




**बंगलूरू।** बंगलूरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में भगदड़ मचने से संबंधित मामले में पेश की गई स्थिति रिपोर्ट में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), कार्यक्रम के आयोजक मेसर्स डीएनए नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) पर पूर्व अनुमति के बगैर या शहर के अधिकारियों को अनिवार्य विवरण दिए बिना आरसीबी की विशाल विजय परेड निकालने का आरोप लगाया गया है। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। सरकारी सूत्रों ने बताया कि रिपोर्ट उच्च न्यायालय को सौंप दी गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, अहमदाबाद में आरसीबी और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के बीच आईपीएल के खिताबी मुकाबले से कुछ घंटे पहले, शाम लगभग 6:30 बजे, डीएनए नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड की ओर से केएससीए ने कब्बन पार्क थाने को एक सूचना पत्र सौंपा। रिपोर्ट के अनुसार, सूचना पत्र में कहा गया, 'अगर आरसीबी टूर्नामेंट में विजयी होती है, तो आरसीबी/डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड का प्रबंधन एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के आसपास संभावित विजय परेड की योजना बनाना चाहता है, जिसका समापन स्टेडियम में विजय उत्सव के साथ होगा।'

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह एक सूचना मात्र थी और कानून के तहत अनुमति नहीं मांगी गई थी। रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने, हालांकि अनुमानित भीड़ और कार्यक्रम से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी के अभाव में अनुमति देने से इनकार कर दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह प्रस्ताव भी अल्प सूचना पर प्रस्तुत किया गया था, जिसके कारण उचित कार्यवाही नहीं हो सकी। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके बावजूद, आरसीबी ने चार जून को एकतरफा कार्यवाही करते हुए, सुबह 7:01 बजे से विभिन्न सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से विधान सौध से चिन्नास्वामी स्टेडियम तक सार्वजनिक विजय परेड निकालने की घोषणा कर दी।

रिपोर्ट के अनुसार, अपराह्न 3:14 बजे अंतिम पोस्ट में घोषणा की गई कि परेड शाम पांच बजे शुरू होगी और उसके बाद स्टेडियम में समारोह आयोजित किया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस पोस्ट में यह बताया गया था कि निःशुल्क पास ऑनलाइन उपलब्ध हैं, हालांकि इस पोस्ट से पहले ही भारी संख्या में लोग जमा होने शुरू हो गए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न सोशल मीडिया पोस्ट को लाखों लोगों ने देखा। रिपोर्ट के मुताबिक, बीएमआरसीएल के यात्रियों से संबंधित आंकड़ों से भीड़ जुटने की बात साबित होती है।

रिपोर्ट में बंगलूरू मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीएमआरसीएल) के आंकड़ों के हवाले से कहा गया है कि चार जून को 9.66 लाख यात्रियों ने मेट्रो से सफर किया, जबकि आमतौर पर रोजाना यह संख्या छह लाख रहती है। रिपोर्ट में कहा गया है, इसलिए, चार जून को पैदल यात्रा करने वाले, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने वाले और निजी साधनों के उपयोगकर्ताओं को मिलाकर, अनुमानित संख्या तीन लाख से अधिक हो गई। रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया कि आयोजकों ने कानून के अनुसार कभी भी औपचारिक रूप से पुलिस से अनुमति नहीं मांगी। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि विशेष रूप से मध्य बंगलूरू में बड़े सार्वजनिक समारोहों वाले आयोजनों के लिए केवल सूचना देना अनुमति मांगने के समान नहीं है।

अधिकारियों ने दावा किया कि प्रतिभागियों की संख्या, सभा स्थल, समय, जिम्मेदार आयोजकों के नाम और संपर्क विवरण, और यातायात एवं भीड़ नियंत्रण की योजना जैसी आवश्यक जानकारी पूरी तरह से गायब थी। इस जानकारी के अभाव के कारण पुलिस कार्यक्रम के पैमाने का आकलन करने या पर्याप्त सुरक्षा उपाय करने में असमर्थ रही। इसके अलावा, सार्वजनिक निर्देशों के लिए कोई साइनेज या लाउडस्पीकर नहीं थे, प्रवेश द्वारों और बैठने की जगहों पर भीड़ प्रबंधन के लिए कोई प्रशिक्षित कर्मचारी नहीं थे, और लाउडस्पीकर के उपयोग या पुलिस बंदोबस्त के लिए कोई पूर्व अनुरोध नहीं किया गया था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आयोजक 22 मई, 2019 के सरकारी आदेश के अनुसार पुलिस तैनाती का खर्च भी नहीं उठा पाए। समन्वय या अनुमोदन के अभाव के बावजूद, बंगलूरू सिटी पुलिस ने जमीनी स्तर पर स्थिति को संभालने के लिए कई उपाय लागू किए। चार जून को सुबह 10 बजे संयुक्त पुलिस आयुक्त के कार्यालय में एक बैठक बुलाई गई, जहां यातायात और कानून प्रवर्तन योजना को अंतिम रूप दिया गया। कुल 654 यातायात कर्मियों को तैनात किया गया, जिनमें 4 डीसीपी, 6 एसीपी, 23 पीआई, 57 पीएसआई, 104 एएसआई और 462 कांस्टेबल शामिल थे। आरसीबी टीम द्वारा एचएएल से ताज वेस्ट एंड, विधान सौधा और अंत में चिन्नास्वामी स्टेडियम तक लिए गए मार्ग को व्यवधान को कम करने के लिए नियंत्रित किया गया था। प्रेस, सोशल मीडिया और एफएम रेडियो के माध्यम से एक यातायात सलाह और मानचित्र जारी किया गया।

# उत्तर प्रदेश के खाते में आई स्वच्छता सर्वेक्षण में कई उपलब्धियां, लखनऊ और नोएडा ने लहराया परचम

**नोएडा, करंट क्राइम।** करंट क्राइम। देश के साफ-सुथरे और स्वच्छ शहरों की लिस्ट में उत्तर प्रदेश ने भी एक बार फिर अपना परचम लहराया है। बुधवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के नतीजों का ऐलान कर दिया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विभिन्न राज्यों के मंत्रियों को पुरस्कार दिए। उत्तर प्रदेश की ओर से उर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने पुरस्कार ग्रहण किया।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने विज्ञान भवन में विजेताओं को सम्मानित किया। इस बार के सर्वेक्षण में जहां इंदौर, सूरत और नवी मुंबई ने 'सुपर स्वच्छ लीग' में अपनी जगह बनाई है, वहीं यूपी की राजधानी लखनऊ ने भी देश के 'नए स्वच्छ शहरों' में अपनी जगह बनाकर बड़ी बाजी मारी है। इसके अलावा प्रयागराज में आयोजित हुए महाकुंभ को भी शहरी कचरा प्रबंधन में असाधारण प्रदर्शन के लिए विशेष




सम्मान मिला है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के पुरस्कार समारोह में उत्तर प्रदेश के कई शहरों ने अपनी स्वच्छता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। देश के उन शहरों में लखनऊ का नाम शामिल हो गया है, जिन्हें 'नए स्वच्छ शहर' के रूप में पहचान मिली है। लखनऊ को (10 लाख से अधिक की जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में) तीसरा पोजिशन मिला है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने प्रयागराज को 'बेस्ट गंगा टाउन' के पुरस्कार से सम्मानित किया। वहीं, गोरखपुर को सफाईकर्मियों की सुरक्षा और सम्मान के प्रति उसकी उत्कृष्ट प्रतिबद्धता के लिए बेस्ट सफाईमित्र सुरक्षित शहर' घोषित किया गया है। 'सुपर स्वच्छ लीग' श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए नोएडा को भी स्वच्छता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 3 से 10 लाख तक आबादी वाले शहरों में नोएडा को टॉप पोजिशन मिली है।

इस बार के स्वच्छ सर्वेक्षण में सबसे खास बात यह रही कि उत्तर प्रदेश सरकार, प्रयागराज मेला अधिकारी और प्रयागराज नगर निगम को महाकुंभ के दौरान किए गए असाधारण शहरी कचरा प्रबंधन के लिए विशेष सम्मान दिया गया। महाकुंभ में अनुमानित 66 करोड़ लोगों की भारी भीड़ जुटी थी।

# रहस्यमय तरीके से गायब हो गई छह युवतियां परिजनों ने लव जिहाद की लगाई आशंका

**हापुड़, करंट क्राइम।** हापुड में पिछले कुछ दिनों के भीतर आधा दर्जन से ज्यादा किशोरियों के लापता होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताया जाता है कि विभिन्न इलाकों से कई युवतियां संदिग्ध हालात में लापता हो गई है। लापता होने के बाद ना तो उन्होंने परिजनों से संपर्क किया और ना ही उनकी खोजखबर मिली। अलग-अलग थाना क्षेत्रों से लापता हुई सभी युवतियों की तलाश के लिए पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया लेकिन किसी भी युवती का पता नहीं चल सका है। कई लड़कियों को युवकों द्वारा ले जाने का आरोप लगाया जा रहा है। युवतियों के नहीं मिलने से परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने युवतियों के लापता होने पर गुमशुदगी दर्ज की है। वहीं परिजनों ने आशंका जताई है कि मामला लव जिहाद से भी जुडा हो सकता है।



बताया जाता है कि कोतवाली थाना क्षेत्र से तीन युवतियां गायब हो गई। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि इन तीनों लड़कियों को गांव के ही रहने वाले मुस्लिम लड़के बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए हैं। एक लापता लड़की के पिता ने बताया कि दो दिन पहले उनकी बेटी डिग्री कॉलेज में पढ़ने के लिए घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं लौटी। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ मुस्लिम लड़कों का एक बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है। हमें शक है कि इन्हें कहीं से फंडिंग मिल रही है और ये सुनियोजित तरीके से लड़कियों को बहला रहे हैं। पीड़ित परिवारों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुलिस प्रशासन से अपील की है कि उनकी बेटियों को जल्द से जल्द बरामद किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट की समस्याएं जल्द होगी दूर, आवास विकास के अधीक्षण अभियंता ने दिया भरोसा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सिद्धार्थ विहार स्थित गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट में व्याप्त समस्याओं के निदान के लिए आर डब्ल्यू ए सदस्यों ने आवास विकास परिषद के अधीक्षण अभियंता ए के मित्तल के साथ वसुंधरा सेक्टर 16 के कार्यालय में बैठक की।

आर डब्ल्यू ए अध्यक्ष ए एन त्रिपाठी ने बताया क्षमता से कम कैपेसिटी के ट्रांसफार्मर के चलते यूपीपीसीएल को विद्युत हस्तान्तरण में विलम्ब हो रहा है। निर्माणखंड द्वारा बिल्डिंग डेमेज रिपेयर के नाम पर की जा रही लीपापोती, शेष 12 लिफ्ट के हस्तांतरण में विलम्ब, फायर सिस्टम की खामियां, क्लब हाउस में प्रस्तावित लिफ्ट लगाने में विलम्ब, क्लब हाउस की छत में टीन शेड के स्थान पर प्रस्तावित लेंटर, स्ट्रक्चरल ऑडिट में विलम्ब आदि समस्याओं पर चर्चा की गई । महासचिव अतुल राय ने बताया आर डब्ल्यू ए अध्यक्ष द्वारा रखी गई समस्याओं पर लगभग दो घंटे विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के बाद अधीक्षण अभियंता ने विद्युत खंड 2 से विद्युत हस्तात्रण में हो रहे तकनीकी कारणों को दूर करने को लेकर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण खंड द्वारा एल एंड टी से कराये जा रहे बिल्डिंग डैमेज का रिपेयर कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप कराया जाएगा। इसके अलावा क्लब हाउस में लिफ्ट लगाने और छत का लेंटर डालने का निर्देश दिया गया। आर डब्ल्यू ए विद्युत समिति के सदस्य कैलाश चंद्र शर्मा द्वारा रिपेयर हेतु लखनऊ गए 3 ट्रांसफार्मर वापस आने के प्रश्न पर विद्युत खंड की ओर से जानकारी दी गई शुक्रवार तक ट्रांसफार्मर सोसाइटी में पहुँच जायेंगे ।आर डब्ल्यू ए के प्रतिनिधि मंडल में संयुक्त सचिव देवेंदर पाल, शंकरलाल वत्स, अशोक मनवाल आदि उपस्थित रहे।

# सैल्यूट तिरंगा संगठन ने किया उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री को सम्मानित, संगठन करेगा अगस्त में कई कार्यक्रम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रवादी संगठन सैल्यूट तिरंगा की ओर से उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को सम्मानित किया गया संगठन के धर्म कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी धरमदास और राष्ट्रीय महामंत्री सच्चिदानंद पोखरियाल ने देहरादून स्थित रायवाला में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व हरिद्वार के सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत को पगड़ी पहनकर सम्मानित किया। इस मौके पर सच्चिदानंद पोखरियाल ने कहा कि 28 से 31 अगस्त तक थाईलैंड में चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा एवं महामंत्री सच्चिदानंद पोखरियाल शामिल होंगे। कार्यक्रम में सैल्यूट तिरंगा संगठन के विश्व भर से 20 देश के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसके अलावा 1 से 15 अगस्त तक सैल्यूट तिरंगा की ओर से पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी 4 अगस्त को कश्मीर के डल झील पर तिरंगा शिकार प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 17 सितंबर को उत्तराखंड में गंगा आरती का कार्यक्रम रखा गया है। इस मौके पर वरिष्ठ पदाधिकारी मदन मोहन ढोंडियाल संजीव शेरावत और प्रदीप जुगलान आदि उपस्थित थे।



# एनसीआर में चेन और मोबाइल लूटने वाले दो बदमाशों को एन्काउंटर के बाद किया गिरफ्तार



**नोएडा, करंट क्राइम।** चोरी और लूट की घटनाओ को अंजाम देने की फिराक में लगे दो बदमाशों को नोएडा पुलिस ने एन्काउंटर के बाद गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी है।

पुलिस के मुताबिक, बदमाशों की पहचान अनिल और करण के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से सोने की चेन, टॉप्स, 3 अंगूठी और चार मोबाइल फोन बरामद किए है। गिरफ्तार बदमाश दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद में राह चलती महिलाओं से सोने की चेन, मोबाइल आदि लूटते थे। सेक्टर-49 पुलिस ने सेक्टर-76 मेट्रो के पास मुठभेड के बाद इन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पकडे गए बदमाशों से पूछताछ की जा रही है। उनके और साथियों के बारे में जानकारी इकठठा की जा रही है। इनके पकडे जाने के बाद कई मामलों का खुलासा हो सकता है।

# सावन माह में मांस बिक्री के खिलाफ हिंदू रक्षा दल का प्रदर्शन, गाजियाबाद में रेस्टोरेंट्स बंद कराए

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सावन महीने की धार्मिक महत्ता को ध्यान में रखते हुए हिंदू रक्षा दल के कार्यकताओं ने गुरुवार को वसुंधरा में केएफसी और नाज़िर जैसी मांसाहारी रेस्टोरेंट्स के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि सावन के दौरान इन प्रतिष्ठानों को बंद रखा जाए।

कार्यकताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि इन रेस्टोरेंट्स में मांस की बिक्री कावड़ मार्ग के निकट होने के कारण श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को चोट पहुँचा रही है। उन्होंने केएफसी के शटर को बंद करवाने की कोशिश की और चेतावनी दी कि यदि सावन में इन स्थानों पर मांस की बिक्री जारी रही, तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। हिंदू रक्षा दल ने प्रशासन से अपील की है कि कावड़ मार्ग के 100 से 200 मीटर की परिधि में आने वाले सभी मांसाहारी रेस्टोरेंट्स को सावन महीने के दौरान बंद रखने का आदेश दिया जाए, ताकि श्रद्धालुओं की आस्था और धार्मिक परंपराओं का सम्मान हो सके। हालांकि, इस मामले पर प्रशासन या रेस्टोरेंट प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया अब तक नहीं आई है, जबकि स्थानीय स्तर पर इस मुद्दे को लेकर मिश्रित प्रतिक्रियाएँ देखने को मिल रही हैं।




# बिल्डरों ने किया अतिरिक्त तल का निर्माण, जीडीए ने किया ध्वस्त

## अंकुर विहार और शालीमार गार्डन एक्स.-1 में हुई कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष के अवैध निर्माणों/अवैध कालोनियों पर रोकथाम हेतु कार्रवाई किये जाने के निर्देशों के क्रम में गुरुवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-8 के नेतृत्व में उप्र नगर नियोजक एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत भूखण्ड सं.-ए-4/8 डी0एल0एफ0 अंकुर विहार लोनी गाजियाबाद पर स्वीकृत मानचित्र से विचलन कर अतिरिक्त तल पर निर्मित कालमों व दीवारों को ध्वस्त कर दिया गया। इसके अलावा भूखंड सं.-123 शालीमार गार्डन एक्स.-1 गाजियाबाद पर स्वीकृत मानचित्र से विचलन कर अतिरिक्त तल पर निर्मित कालमों को भी ध्वस्त कर दिया गया। उक्त कार्रवाई के समय प्रवर्तन प्रभारी जोन-8, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्तागण, समस्त सुपरवाईजर स्टॉफ, प्राधिकरण सुरक्षाकर्मी एवं सम्बन्धित थाना अंकुर विहार व शालीमार गार्डन गाजियाबाद का पुलिस बल उपस्थित रहा।






# लाइन में दिखा अलग ही सीन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नदिया पार वालों का स्वैग किसी से छुपा नहीं है। कभी यहां के प्रभारियों के हाई प्रोफाइल लिंक व मामले सुनाई देते हैं तो कभी किस्से। वहीं गुरुवार को पुलिस वाली लाइन में एक बड़े खुलसे की प्रेस कॉन्फ्रेंस थी। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक अलग ही सीन दिखाई दिया। जिसमें बदमाशों से ज्यादा स्वॉट टीम वाले नजर आ रहे थे और नीली हाफ जैकेट में तैनात इन पुलिस कर्मियों के चेहरे फोटो और कैमरे के लिए कितने व्याकुल और उत्सुक थे, वह सीन पीसी में मौजूद सबो ने देखा। बाइट के दौरान अधिकारियों के साथ पीछे खड़ा होना हो या अपराधियों के बगल में यह 12 अलग ही स्वैग में थे। 12 यानी एक दर्जन पुलिस कर्मी कोई भी फोटो वाला मौका छोड़ नहीं रहे थे। यह कहा जाए तो हटाने का नाम नहीं ले रहे थे।



अब पुलिस के सूत्र यह बता रहे हैं कि मुठभेड़ के दौरान जो रात को हुई उसमें चौकी वालों ने कमाल दिखाया था लेकिन जब बड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस की बारी आई तो स्वॉट वाले जमे दिख रहे थे। वैसे स्वॉट वाले पहले भी कई खुलसे कर चुके हैं, पर ऐसा जलजला और स्टाइल वाला सीन नजर पहली बार आया है। अब इसके पीछे की कहानी को तो जोन वाले साहब ही बता सकते हैं पर जिस तरीके का सीन दिखाई दिया वह बता रहा था कि स्वॉट वालों में कुछ तो फोटो के फैन हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कांवड़ की तैयारी को लेकर ट्रैफिक वाले व्यवस्था भंग होने के बाद इतने अलर्ट मोड पर आ गए हैं कि कल ट्रैफिक वाले साहब, एसीपी और निचले कर्मचारी रात-रात भर खुद वाहन संचालित करवा रहे हैं। कहीं जाम ना लगे और कांवड़ियों का दबाव न हो, इसको लेकर लगातार हर आधे घंटे में सोशल मीडिया पर भी अपडेट दिया जा रहा है। वहीं स्वॉट वालों के द्वारा जल्द ही कुछ और गुडवर्क कर सकते हैं। उधर गुरुवार को जो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाली लाइन का सीन रहा उसकी चर्चा सोशल मीडिया पर भी हो रही है। तो कहा जा रहा है कि खुलासे के पीछे दो टीम तो नहीं है। एक थाने और चौकी पुलिस वाली और दूसरी स्वॉट वाली। कुल मिलाकर स्वॉट टीम नदिया पार पहले भी चर्चा में रही है। बस उस समय जून वाले साहब दूसरे थे। वैसे अनुशासन का पाठ इन पुलिस कर्मियों को भी पढ़ाया जाना चाहिए, जो स्वॉट नदिया पार में है। वहीं कहा जा रहा है कि हो सकता है कुछ फर्स्ट टाइम वाले हों जो फोटो फ्रेम में फिट होना चाह रहे थे।

# डिजिटल अरेस्ट कर 3 करोड़ 29 लाख 70 हजार की धोखाधड़ी करने वाले ठग गिरफ्तार

**नोएडा (करंट क्राइम)।** बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट कर 3 करोड़ 29 लाख 70 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने के मामला सामने आया है। साइबर क्राइम ने एक शातिर साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। इस मामले में तीन लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी ठग की पहचान राजस्थान के जयपुर शहर के रायगार निवासी विपुल नागर के रूप में हुई है। इसके खाते में 63 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए थे।

दरअसल ठगों ने पीड़ित महिला के लैंडलाइन नंबर पर कॉल कर बताया था कि आपके आधार कार्ड से कई खाते खोले गए हैं। इनका प्रयोग जुआ व अवैध हथियार की खरीद करने में किया गया है। पीड़िता काफी डर गईं। इसके बाद उसे डिजिटल अरेस्ट कर उसके खाते से करीब 3 करोड़ रुपए ट्रांसफर करवा लिए गए। इस मामले में 30 जून को नोएडा के साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज किया गया।

इस मामले में आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार किया गया। विपुल नागर (बेनीफिशियरी खाताधारक) ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि उसने अपने बैंक खाते को सह अभियुक्त अजीत को दे दिया था। जिस पर धोखाधड़ी से संबंधित धनराशि प्राप्त की जाती थी। जिसका कमीशन विपुल नागर को मिलता था। पुलिस ने बताया कि साइबर से संबंधित किसी भी समस्या के लिए साइबर क्राइम हेल्पलाइन नम्बर- 1930 व साइबर क्राइम की वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत दर्ज करें।



# चेन स्नैचिंग के तीन आरोपी गिरफ्तार, चोरी की बाइक और चेन बरामद

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा में पुलिस ने चेन स्नैचिंग के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो सोने की चेन और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। दादरी थाना क्षेत्र में कंट्रोल रूम को चेन स्नैचिंग की सूचना मिली। सूचना में बताया गया कि बदमाशों ने फायरिंग भी की है और अजायबपुर रेलवे स्टेशन की तरफ भाग गए हैं। पीआरवी 2554 और 1860 को तुरंत मौके पर भेजा गया। एक घंटे की तलाश के बाद पुलिस ने न्यू बोडाकी रेलवे जंक्शन के पास फोरमी कंपनी के पीछे से तीनों आरोपियों को पकड़ लिया. आरोपियों की पहचान मुकेश यादव (सम्भल), संजू यादव (बदायूं) और गौरव बाल्मिकी (बुलंदशहर) के रूप में हुई है। आरोपियों के आपराधिक इतिहास का जांच कर रही है पुलिस पूछताछ में पता चला कि एक चेन आज फोरमी कंपनी के पास से छीनी गई थी। दूसरी चेन पहले की वारदात से जुड़ी है। बरामद मोटरसाइकिल भी चोरी की निकली। संजू यादव और गौरव बाल्मिकी पहले भी जेल जा चुके हैं। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है।



# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। साहिबाबाद विधायक तथा उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने मुलाकात के इस पल को फेसबुक पोस्ट बनाया। उन्होंने पर्यावरण की दिशा में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा किए जा रहे कार्यों को भी बताया। साहिबाबाद विधायक तथा उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# हमारे सामने वैश्विक व्यवस्था स्थिर करने की चुनौती': विदेश मंत्री जयशंकर

**चीन ।** चीन के तियानजिन में आयोजित एससीओ सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में डॉ एस जयशंकर ने कहा कि फिलहाल वैश्विक व्यवस्था को स्थिर करना सबसे बड़ी चुनौती है। यह बैठक वैश्विक अस्थिरता के बीच क्षेत्रीय सहयोग और स्थिरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास के रूप में देखी जा रही है।

वैश्विक तनाव और आर्थिक अनिश्चितता के बीच चीन में हो रही शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में शामिल देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में डॉ एस. जयशंकर ने अंतरराष्ट्रीय प्रणाली में बढ़ते संघर्ष, प्रतिस्पर्धा और दबाव को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने देशों से वैश्विक ढांचे को स्थिर करने और साझा हितों की रक्षा करने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। खबरों के मुताबिक अगले महीने यानी अगस्त में चीन में ही एससीओ देशों की बैठक होगी। इसमें भारत के प्रतिनिधि के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हो सकते हैं। हालांकि, अभी पीएम मोदी के शिरकत की पुष्टि नहीं हुई है।



### वर्तमान समय की चुनौती वैश्विक व्यवस्था को स्थिर रखना

बुधवार को विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक के दौरान जयशंकर ने कहा, आज हम एक अस्थिर वैश्विक व्यवस्था के बीच मिल रहे हैं। हाल के वर्षों में संघर्ष, प्रतिस्पर्धा और जबरदस्ती के मामले बढ़े हैं। साथ ही आर्थिक अस्थिरता भी बढ़ती दिख रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की चुनौती है कि हम वैश्विक व्यवस्था को स्थिर करें, विभिन्न क्षेत्रों को जोखिम से मुक्त करें, और पुराने तथा जटिल वैश्विक मुद्दों का समाधान करें।

### एकतरफा वर्चस्व, संरक्षणवाद और क्षेत्रीय संघर्ष चिंताजनक

इस बैठक में चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भी शिरकत की। उन्होंने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को सदी के परिवर्तन के अनुरूप बताया। वांग के मुताबिक विश्व बहुध्रुवीयता की ओर बढ़ रहा है, आर्थिक वैश्वीकरण गहरा हो रहा है, और वैश्विक दक्षिण का प्रभाव बढ़ रहा है। उन्होंने साथ ही चेतावनी भी दी कि इस बदलाव के दौर में एकतरफा वर्चस्व, संरक्षणवाद और क्षेत्रीय संघर्ष भी उभर रहे हैं। बकौल वांग, इस चुनौतीपूर्ण समय में एससीओ के सदस्य देशों को मिलकर संगठन को और मजबूत करने की दिशा में सामूहिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

### चीनी विदेश मंत्रालय ने पांच सूत्री कार्यक्रम जारी

इससे पहले चीनी विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक के दौरान देश के विदेश मंत्री वांग यी ने सभी सदस्य देशों के समक्ष पांच अहम सुझाव पेश किए। इसका मकसद भविष्य की यात्रा को लेकर रूपरेखा तैयार कहना है। वांग ने सदस्य देशों से 'शंघाई भावना' को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने संगठन के बीच सामंजस्य, एससीओ की कार्रवाई और अपील को बढ़ावा देने का आह्वान भी किया। बता दें कि एससीओ के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों में भारत से डॉ जयशंकर, रूस से लावारोव समेत कई दिग्गज पहुंचे हैं।

# शॉपिंग मॉल में भीषण आग

## इराक में जिंदा जले 61 लोग, कई झुलसे

## पांच मंजिला इमारत में रात भर उठती रहीं लपटें




**इराक।** पूर्वी इराक के वासित प्रांत ते अल-कुट शहर के एक हाइपरमार्केट में भीषण आग लगने से 61 लोगों की मौत हो गई। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इराक के गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कुट शहर में बुधवार देर रात लगी आग में 61 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से ज्यादातर की मौत दम घुटने से हुई। मृतकों में 14 जले हुए शव भी शामिल हैं, जिनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। इस दुर्घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा सकता है कि पांच मंजिला इमारत में रात भर आग की लपटें उठती रहीं।

बयान में यह भी बताया गया कि नागरिक सुरक्षा दलों ने इमारत के अंदर फंसे 45 से अधिक लोगों को बचा भी लिया। वहीं, कि लोग अभी भी लापता हैं। यह मॉल एक सप्ताह पहले ही खुला था। वहीं प्रांतीय गवर्नर मोहम्मद अल-मायह ने हादसे के बाद तीन दिन के शोक की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। इमारत के मालिक और मॉल के मालिक के खिलाफ कानूनी मामले दर्ज किए गए हैं। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि उन पर क्या आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हम जिम्मेदार लोगों के प्रति किसी तरह की कोई नरमी नहीं बरतेंगे। प्रारंभिक जांच के परिणाम 48 घंटे के भीतर जारी कर दिए जाएंगे।

वहीं, इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने भी हादसे पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि आंतरिक मामलों के मंत्री को घटना स्थल पर जाकर जांच करने तथा ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया है।

# रूस-भारत-चीन के बीच त्रिपक्षीय सहयोग होगा मजबूत मॉस्को की पहल का बीजिंग ने किया समर्थन

**बीजिंग।** रूस-भारत-चीन त्रिपक्षीय ढांचा काफी लंबे समय से रुका था। आरआईसी को लेकर रूस और चीन की रुचि हाल ही में विदेश मंत्री एस जयशंकर की एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए चीन यात्रा के बाद बढ़ी है। अब रूस ने इसे दोबारा शुरू करने की पहल की है। लंबे समय से रुके हुए रूस-भारत-चीन त्रिपक्षीय सहयोग को दोबारा शुरू करने की पहल हो रही है। रूस की इस पहल का चीन ने भी समर्थन किया है। चीन ने कहा कि यह त्रिपक्षीय सहयोग न केवल तीनों देशों के हित में है। बल्कि क्षेत्र और विश्व की सुरक्षा और स्थिरता के लिए भी है।



रूसी मीडिया ने रूस के उप विदेश मंत्री आंद्रेई रुडेंको के हवाले से कहा कि मॉस्को आरआईसी प्रारूप की बहाली की उम्मीद करता है। हम मुद्दे पर बीजिंग और नई दिल्ली के साथ बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह विषय दोनों के साथ हमारी बातचीत में शामिल है। हम इस प्रारूप को सफल बनाने में रुचि रखते हैं, क्योंकि ब्रिक्स के संस्थापकों के अलावा ये तीनों देश महत्वपूर्ण साझेदार हैं।

उन्होंने कहा कि मेरी राय में इस सहयोगी प्रारूप का अभाव अनुचित लगता है। हम उम्मीद करते हैं कि देश आरआईसी के ढांचे के भीतर काम फिर से शुरू करने पर सहमत होंगे। बेशक जब तीनों देशों के संबंध उस स्तर पर पहुंच जाएंगे जो उन्हें त्रिपक्षीय सहयोग में काम करने की अनुमति देता है।

इस पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने गुरुवार को कहा कि चीन-रूस-भारत सहयोग न केवल तीनों देशों के संबंधित हितों की पूर्ति करता है, बल्कि क्षेत्र और विश्व में शांति, सुरक्षा, स्थिरता और प्रगति को बनाए रखने में भी मदद करता है। चीन त्रिपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए रूस और भारत के साथ संवाद बनाए रखने के लिए तैयार है।

आरआईसी को लेकर रूस और चीन की रुचि हाल ही में विदेश मंत्री एस जयशंकर की एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए चीन यात्रा के बाद बढ़ी है। इस दौरान जयशंकर ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव सहित शीर्ष चीनी अधिकारियों के साथ बातचीत की थी। लावरोव ने पिछले साल कहा था कि आरआईसी प्रारूप में संयुक्त कार्य पहले कोरोना वायरस के कारण और बाद में 2020 में पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन सैन्य गतिरोध के कारण रुक गया था।

# अमेरिका में लाखों रुपये के सामान की चोरी करते पकड़ी गई भारतीय महिला, सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस

**वॉशिंगटन।** पुलिस कर्मियों के शरीर पर लगे बॉडी कैम का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया है। जिसमें दिख रहा है कि जब पुलिस स्टोर पहुंचती है तो स्टोर के स्टाफ ने महिला को एक कमरे में बिठाया हुआ था और उससे पूछताछ की जा रही थी। अमेरिका में एक भारतीय महिला टारगेट स्टोर में लाखों रुपये के सामान की चोरी करते हुए पकड़ी गई। आरोपी महिला को पुलिस ने हिरासत में लिया है। महिला टारगेट स्टोर में सात घंटे से अधिक समय तक रही, जिससे स्टोर के स्टाफ को उसके स्वभाव पर शक हुआ। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने स्टोर से महिला को हिरासत में ले लिया। महिला पर 1300 डॉलर का सामान चुराने का आरोप है। पुलिस कर्मियों के शरीर पर लगे बॉडी कैम का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया है। जिसमें दिख रहा है कि जब पुलिस स्टोर पहुंचती है तो स्टोर के स्टाफ ने महिला को एक कमरे में बिठाया हुआ था और उससे पूछताछ की जा रही थी।



सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद इसे लेकर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। कई भारतीय अप्रवासियों ने घटना को लेकर निराशा जाहिर की और कहा कि किसी देश में अप्रवासी होने पर वह कानून तोड़ने से डरता है। यूजर ने महिला के व्यवहार पर सवाल उठाए। एक यूजर ने आरोपी महिला पर विदेश में भारत का नाम बदनाम करने का आरोप लगाया। यूजर्स ने विदेशों में गरिमा बनाए रखने की अपील की। गौरतलब है कि हाल ही में एक भारतीय छात्र भी टेक्सास में चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

### बॉडी कैम वीडियो में कैद हुई पूरी घटना

पुलिस के पहुंचने पर स्टोर के कर्मचारी ने बताया कि यह महिला बीते 7 घंटे से भी ज्यादा समय से स्टोर में मौजूद थी और वह सामान उठा रही थी और बार-बार अपना फोन चेक कर रही थी। महिला ने लिए गए सामान का भुगतान करने के बजाय उसे लेकर पिछले दरवाजे से निकलने की कोशिश की। इसके बाद आरोपी महिला ने चुराए गए सामान का भुगतान करने की कोशिश की। महिला ने ये भी कहा कि वह इस देश की नहीं है। महिला ने माफी मांगकर बात खत्म करने की भी कोशिश की। हालांकि पुलिस ने उसकी कोई बात नहीं मानी और आरोपी महिला को हथकड़ी लगाकर पुलिस स्टेशन ले जाया गया।

# गाजा की एकमात्र कौथोलिक चर्च पर एयरस्ट्राइक, पादरी भी हुए घायल

## इस्राइल का हाथ होने की आशंका



**गाजा पट्टी।** गाजा के एकमात्र कैथोलिक चर्च होली फैमिली पर हुए हमले में पादरी गैब्रियल रोमानेली समेत कई लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमला इजरायली टैंक से किया गया। पोप फ्रांसिस से जुड़े रहे रोमानेली इस चर्च में शरण ले रहे लोगों की देखभाल कर रहे थे। इस्राइल और हमास के बीच जारी युद्ध में अब तक 58,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

गाजा पट्टी में जारी युद्ध की विनाशकारी तस्वीरें एक बार फिर सामने आई हैं। इस बार हमला हुआ है गाजा के एकमात्र कैथोलिक चर्च ह्यहोली फैमिली चर्चह्न पर, जहां गुरुवार सुबह की गई एयरस्ट्राइक में कई लोग घायल हो गए। घायलों में चर्च के पेरिश पादरी फादर गैब्रियल रोमानेली भी शामिल हैं, जो पोप फ्रांसिस के करीबी माने जाते थे और युद्ध के दौरान उनसे नियमित बातचीत करते थे। चर्च के अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमला संभवतः एक टैंक शेलिंग के जरिए हुआ। हमले में चर्च की इमारत को भी गंभीर नुकसान पहुंचा है। फिलहाल इस पर इस्राइली सेना की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

### पोप के करीबी थे घायल पादरी फादर रोमानेली

फादर गैब्रियल रोमानेली का नाम उन लोगों में आता है जो गाजा में शांति की आवाज बने रहे। उनकी पोप फ्रांसिस से नजदीकी ऐसी थी कि पोप ने युद्ध के दौरान अंतिम 18 महीनों में कई बार गाजा स्थित इसी चर्च में कॉल कर लोगों की स्थिति की जानकारी ली थी। फादर रोमानेली उन कॉल्स का अहम हिस्सा रहे हैं। गाजा में रहने वाले कई नागरिक इस चर्च में शरण लिए हुए थे, क्योंकि यह जगह अभी तक अपेक्षाकृत सुरक्षित मानी जा रही थी। इस हमले ने अब वहां छिपे हुए लोगों की चिंता और बढ़ा दी है। चर्च पर हमला धार्मिक स्थलों की सुरक्षा पर उठाता सवाल होली फैमिली चर्च गाजा का एकमात्र कैथोलिक चर्च है। इस पर हुआ हमला यह दशार्ता है कि अब धार्मिक स्थल भी युद्ध की चपेट से बाहर नहीं हैं। यहां पहले महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शरण लिए हुए थे। चर्च पर हमला अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों के तहत गंभीर चिंता का विषय बनता है। इस हमले के बाद मानवाधिकार संगठनों और धार्मिक संस्थानों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिक्रिया आने की संभावना है।

### 7 अक्टूबर के बाद से जारी युद्ध में भयानक तबाही

यह युद्ध 7 अक्टूबर 2023 को उस समय शुरू हुआ था जब हमास के आतंकियों ने इस्राइल पर अचानक हमला कर दिया था। उस दिन करीब 1,200 लोगों की मौत हुई थी और 251 लोगों को बंधक बनाया गया था। इनमें से ज्यादातर नागरिक थे। बाद में कई बंधक युद्धविराम या समझौते के तहत रिहा कर दिए गए, लेकिन अभी भी 50 लोग बंधक हैं, जिनमें से आधे से भी कम के जीवित होने की संभावना है। इस हमले के बाद इस्राइल की ओर से चलाए जा रहे जवाबी सैन्य अभियान में अब तक गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार 58,000 से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

महिलाएं और बच्चे सबसे बड़ी संख्या में मारे गए गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार मरने वालों में महिलाओं और बच्चों की संख्या आधे से ज्यादा है। हालांकि यह मंत्रालय हमास के नियंत्रण वाली सरकार का हिस्सा है, लेकिन इसमें कार्यरत अधिकतर लोग मेडिकल पेशेवर हैं और संयुक्त राष्ट्र समेत कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं इसके आंकड़ों को विश्वसनीय मानती हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि युद्ध में आम नागरिकों को सबसे ज्यादा नुकसान हो रहा है।

# फेंटेनाइल ड्रग तस्करी करने वालों को सजा-ए-मौत देगा चीन



**चीन।** चीन अमेरिका में आने वाले फेंटेनाइल की ज्यादातर आपूर्ति करता है। वे इसे मेक्सिको और यहां तक कि हमारे देश में भी भेजते हैं। हमारे यहां इसके लिए 20 प्रतिशत टैरिफ है। उन्हें अपने किए के लिए अरबों डॉलर का हजार्ना देना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका में मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए खासे सक्रिय हैं। इसी क्रम में उन्होंने खतरनाक ड्रग्स फेंटेनाइल को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि अमेरिकी प्रशासन चीन के साथ इसे लेकर एक समझौते पर काम कर रहा है। इसके तहत अमेरिका में फेंटेनाइल की तस्करी करने वालों को चीन मौत की सजा देगा। उन्होंने यह भी कहा है कि चीन से तस्करी होकर अमेरिका में पहुंचने वाले फेटेंनाइल के कारण उनके देश का भारी नुकसान हुआ है। इसी कारण उन्होंने 20 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। बता दें कि इससे पहले इसी साल मार्च माह में इस खतरनाक ड्रग्स की अमेरिका में आमद रोकने के लिए अमेरिकी सीनेट में एक विधेयक भी लाया गया था।

### उन्हें अपने किए के लिए अरबों डॉलर का हजार्ना देना होगा

उन्होंने कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं, लेकिन मैंने फेंटेनाइल के कारण चीन पर 20% टैरिफ लगाया है। मैं इसे जुमार्ना कहता हूं। यह जुमार्ना इसलिए है क्योंकि चीन अमेरिका में आने वाले फेंटेनाइल की ज्यादातर आपूर्ति करता है। वे इसे मेक्सिको और यहां तक कि हमारे देश में भी भेजते हैं।

# बांग्लादेश में भड़की हिंसा, 4 की मौत, एनसीपी और अवामी लीग समर्थक भिड़े, सड़कों पर उतरी आर्मी



**ढाका।** नाहिद इस्लाम ने सार्वजनिक तौर पर मुजीब की विरासत को खत्म करने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि वे अपने हाथों से गोपालगंज को मुजीबवाद से मुक्त कराएंगे। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भी हिंसा की निंदा की। बांग्लादेश में एक बार फिर हिंसा भड़क उठी है और इस हिंसा में चार लोगों की मौत हुई है और कई अन्य घायल हैं। यह हिंसा उस वक्त भड़की, जब नवगठित 'नेशनल सिटिजन पार्टी' (एनसीपी) और शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। जब पुलिस ने हालात संभालने की कोशिश की तो हिंसा और भड़क गई, जिससे पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलानी पड़ीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एनसीपी पार्टी, अवामी लीग के गढ़ गोपालगंज जिले में एक रैली आयोजित कर रही थी। जिसका अवामी लीग ने विरोध किया, जिससे हिंसा भड़की। नौ अन्य लोग गोलियां लगने से घायल हिंसा में मारे गए लोगों की पहचान दीप्तो साहा (25 वर्षीय), रमजान काजी (18 वर्षीय) और सोहेल मुल्ला (41) के रूप में हुई है। एक मृतक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।



### अवामी लीग के गढ़ पर कब्जे की सियासत

गोपालगंज जिला अवामी लीग का गढ़ माना जाता है। यह बांग्लादेश के संस्थापक बंगबंधु मुजीबुर रहमान का गृहनगर भी है। छात्र राजनीति से पारंपरिक राजनीति में आने वाले नाहिद इस्लाम की पार्टी एनसीपी ने गोपालगंज में बुधवार को एक रैली का आयोजन किया था। हालांकि रैली से पहले ही कथित तौर पर अवामी लीग पार्टी के समर्थकों ने रैली स्थल और एनसीपी कार्यकर्ताओं पर हमला कर दिया। आरोप है कि अवामी लीग कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर भी हमला किया। जिसके जवाब में पुलिस ने फायरिंग की, जिससे लोगों की जान गई।

# यूक्रेन की जेलेंस्की सरकार में बड़ा फेरबदल, यूलिया स्विरीडेन्को को बनाया पीएम

**कीव।** यूक्रेन की अर्थव्यवस्था मंत्री और अमेरिका के साथ खनिज समझौते में प्रमुख वातार्कार, यूलिया स्विरिडेन्को को नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है। इस बदलाव का उद्देश्य न सिर्फ युद्ध की थकी हुई जनता में नई ऊर्जा भरना है, बल्कि घरेलू स्तर पर हथियारों के निर्माण को बढ़ावा देना भी है। माना जा रहा है कि पूर्व पीएम डेनिस शमिहाल को रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। यूक्रेन की अर्थव्यवस्था मंत्री और अमेरिका के साथ खनिज समझौते में प्रमुख वातार्कार, यूलिया स्विरिडेन्को को नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है। साल 2022 में रूस के व्यापक आक्रमण की शुरूआत के बाद से वह यूक्रेन की पहली नई सरकार प्रमुख बनीं हैं। स्विरिडेन्को यूक्रेन सरकार में नई भूमिकाएँ संभालने वाले अधिकारियों के समूह में से एक हैं। राष्ट्रपति जेलेंस्की युद्ध से थके हुए राष्ट्र में ऊर्जा भरने और रूस के लगातार आक्रमण के मद्देनजर घरेलू हथियारों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मंत्रिमंडल में फेरबदल कर रहे हैं। हालांकि, घरेलू स्तर पर, मंत्रिमंडल के पुनर्गठन को कोई बड़ा बदलाव नहीं माना जा रहा है। इस बदलाव का उद्देश्य न सिर्फ युद्ध की थकी हुई जनता में नई ऊर्जा भरना है, बल्कि घरेलू स्तर पर हथियारों के निर्माण को बढ़ावा देना भी है। दरअसल, राष्ट्रपति अपनी भरोसेमंद टीम के साथ ही रणनीतिक मोर्चों को आगे बढ़ाना चाहते हैं। वहीं, माना जा रहा है कि पूर्व पीएम डेनिस शमिहाल को रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।



यूलिया स्विरीडेन्को ही पीएम क्यों स्विरीडेन्को को एक मेहनती और समर्पित अधिकारी माना जाता है। उन्होंने अमेरिका-यूक्रेन मिनरल डील जैसी अहम बातचीत में अहम भूमिका निभाई है और कई बार पश्चिमी देशों के साथ उच्च स्तरीय वाताओं का नेतृत्व किया है। इतना ही नहीं, यूलिया जेलेंस्की की काफी भरोसेमंद मानी जाती हैं।

### डेनिस शमिहाल अब संभालेंगे रक्षा मंत्रालय

शमिहाल ने मंगलवार को अपने इस्तीफे की घोषणा की। वे 2020 से अब तक यूक्रेन के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री रहे। हालांकि वे सरकार से पूरी तरह अलग नहीं हो रहे हैं, बल्कि रक्षा मंत्री के तौर पर एक नई भूमिका निभाएंगे। रक्षा मंत्रालय का बजट यूक्रेन के अन्य मंत्रालयों की तुलना में सबसे बड़ा है, खासकर युद्ध की स्थिति में। शमिहाल को इस मंत्रालय में लाने का मकसद शायद अधिक स्थिरता और नियंत्रण स्थापित करना है।

### पूर्व रक्षा मंत्री के कार्यकाल पर उठे सवाल

शमिहाल जिन रुसतेम उमेरोव की जगह लेंगे, उनके कार्यकाल में रक्षा मंत्रालय पर कई बार कुप्रबंधन और घोटालों के आरोप लगे। उमेरोव ने सुधारों को आगे बढ़ाने की कोशिश की थी, लेकिन उनके समय में खरीद-फरोख्त की पारदर्शिता और सिस्टम की कार्यप्रणाली पर कई सवाल उठे। हालांकि अंतरराष्ट्रीय मंच पर उमेरोव की मौजूदगी सक्रिय रही, लेकिन देश के भीतर मंत्रालय को प्रभावी ढंग से चलाने में उनकी भूमिका को आलोचना का सामना करना पड़ा।

### युद्धकाल में घरेलू हथियार निर्माण को मिलेगा बढ़ावा

राष्ट्रपति जेलेंस्की ने हाल ही में स्विरीडेन्को और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन मंत्री मिखाइलो फेडोरोव के साथ एक तस्वीर साझा की थी।

उन्होंने लिखा कि अगले छह महीनों का फोकस घरेलू हथियार उत्पादन को बढ़ाने, सभी प्रकार के ड्रोन की आपूर्ति सुनिश्चित करने, आर्थिक नियमों को आसान बनाने और सामाजिक सहायता योजनाओं की प्रभावी डिलीवरी पर रहेगा।

## माटीकला टूलकिट्स एवं पगमिल मशीन हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर के लिए करें आवेदन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कुलमोहित सिंह जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गाज़ियाबाद ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि उ०प्र० माटीकला बोर्ड द्वारा जनपद में माटीकला योजना के अन्तर्गत टूलकिट्स /इलैक्ट्रॉनिक्स चाक एवं पगमिल हेतु इस कार्यालय को लक्ष्य आवंटित हुए है। जनपद में मिट्टी के बर्तन बनाने वाले परम्परागत कारीगर / व्यक्तियों जिनकी आयु 18 वर्ष से कम व 55 वर्ष से अधिक के न हो। पात्र व्यक्तियों से सीधे ऑन लाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। वे व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं जिनकी आर्थिक दशा कमजोर, माटीकला का अनुभव, तकनीकी ज्ञान व विपणन योग्यता इत्यादि माटीकला विद्या के तहत प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त हो, माटीकला की परम्परागत जानकारी हो। इच्छुक व्यक्तियों को माटीकला टूलकिट्स एवं पगमिल मशीन हेतु 3 दिवसीय अनिवार्य प्रशिक्षण की नि :शुल्क व्यवस्था विभागीय प्रशिक्षण केन्द्रों पर होगी। जिसमें खाना, चाय, नाश्ता तथा प्रशिक्षर्थियों के ठहरने की व्यवस्था होगी। पात्रता के आधार पर चयनित आवेदकों को निःशुल्क टूल किट्स वितरित की जायेगी। अतः उपरोक्तानुसार पात्रता रखने वाले इच्छुक ग्रामीण व शहरी माटीकला के कारीगर दिनांक 10.08.2025 तक कार्यालय ३जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, ए-1 मेरठ रोड, औद्योगिक क्षेत्र, निकट सिहानी चुंगी, गाजियाबाद३ दूरभाष संख्या - 0120-2701379, 7827626484, 8920058444 पर सम्पर्क कर योजना के अन्तर्गत वेबसाइट www.upmatikalaboard.in पर टूलकिट हेतु आवेदन कर सकते हैं।

## प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच और नेक नीयत ने बदली भारत की तस्वीर : अंकित त्यागी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अथर्व ग्रुप के डायरेक्टर अंकित त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और नेक नीयत से भारत की तस्वीर बदल गई है। अब हमारा भारत 2014 से पहले का भारत नहीं रहा। पीएम मोदी ने सत्ता में आने के बाद 11 सालों में अपनी दूरदर्शी सोच और नेक नीयत से भारत की तस्वीर बदली है। पीएम मोदी के शासनकाल में महिलाओं को सशक्त बनाया गया है। युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं और किसानों को अपनी फसल का उचित दाम मिल रहा है। धारा 370 को हटाया गया है पीएम मोदी के नेतृत्व में गरीबी महिला किसान युवाओं के विकास के लिए कदम उठाए गए हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में जल जीवन मिशन, स्वच्छता अभियान, डिजिटल क्रांति, मेक इन इंडिया, आयुष्मान भारत, जन औषधि केंद्र, किसान सम्मान निधि जैसे कार्य किए गए हैं। पहलगाम हमले के तुरंत बाद ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तानी आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया गया है। हमारे भारत का आज विदेश में भी नाम हो रहा है देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार पर गर्व महसूस कर रही है।

>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>>

## मोदी सरकार के 11 साल जुमला काल : विजेंद्र यादव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महासचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस गाजियाबाद विजेंद्र यादव ने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल जुमला काल रहे हैं। भाजपा ने बीते 11 सालों में देश की जनता से सिर्फ झूठे वादे किए हैं। 11 साल में भाजपा ने सिर्फ झूठ का विकास किया है। भाजपा ने 2014 में देश को आर्थिक शक्ति बनाने का वायदा किया था लेकिन भा ज पा सरकार ने देश को कर्ज में डूबो दिया है। 2014 में देश पर 54 लाख 90 हजार करोड़ रुपए का कर्ज था जो अब बढ़कर 82 लाख करोड़ हो गया है। मोदी सरकार ने 5 साल में 27 लाख 12 हजार 940 करोड़ कर्ज लिया है यानी हर महीने 45 हजार करोड रुपए की दर से कर्ज लिया गया है। भाजपा सरकार के 11 साल सिर्फ जुमला काल रहे हैं। बीते 11 सालों में अर्थव्यवस्था राष्ट्रीय सुरक्षा में देश का ग्राफ गिरा है। महंगाई बड़ी है समाज में विभाजन हुआ है और इसके अलावा आदिवासियों अल्पसंख्यकों का शोषण भी बढ़ा है। रोजगार के नाम पर मोदी सरकार पूरी तरह से असफल रही है।

## सावन का महीना है भगवान शिव को विशेष प्रिय : अनिल गर्ग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजसेवी व व्यापारी अनिल गर्ग ने बताया कि सावन का महीना भगवान शिव को अति प्रिय होता है सावन को श्रावण माह भी कहते हैं। इस महीने में शिव भक्त अपनी विशेष भक्ति और उत्साह के साथ भगवान शिव की आराधना करते हैं। सावन के महीने में पड़ने वाले सोमवार को श्रावण सोमवार कहा जाता है जो विशेष रूप से महत्वपूर्ण होते हैं। सावन माह का भगवान शिव से संबंध समुद्र मंथन की कथा से जुड़ा है शिव पुराण और विष्णु पुराण में बताई गई समुद्र मंथन की घटना में देवताओं और असुरों ने मिलकर क्षीरसागर का मंथन किया था। सावन माह को भक्ति और तपस्या का महीना माना जाता है। अविवाहित लोगों के लिए यह महीना बेहद ही खास माना जाता है। सावन माह में शिवलिंग पर जल दूध बेलपत्र धतूरा आदि अर्पित करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। सावन माह में लाखों भक्त कांवड़ यात्रा करते हैं जिससे वह पवित्र नदियों जैसे गंगा से जल लाकर लाकर शिवलिंग पर चढ़ाते हैं और भगवान शिव से मानोवांछित फल पाते हैं।

## कांवड़ यात्रा से धार्मिक आध्यात्मिक और शारीरिक लाभ होते हैं : आचार्य मनीष पंडित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हिंडन मोक्ष धाम के अध्यक्ष आचार्य मनीष पंडित ने बताया कि कांवड़ यात्रा करने से धार्मिक आध्यात्मिक और शारीरिक तीनों प्रकार के लाभ होते हैं। धार्मिक रूप से यह यात्रा भगवान शिव को प्रसन्न करने और उनकी कृपा प्राप्त करने का एक तरीका है। आध्यात्मिक रूप से यह यात्रा आत्म अनुशासन भक्ति और समर्पण की भावना को बढ़ाती है। शारीरिक रूप से यह एक कठिन व्यायाम है जो सहनशक्ति और स्वास्थ्य में सुधार करती है। यह यात्रा सभी प्रकार के पाप का नाश करती है। कांवड़ यात्रा एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम है जो हिंदू धर्म की परंपराओं और रीति-रिवाज को दर्शाता है। कांवड़ यात्रा एक महत्वपूर्ण धार्मिक आध्यात्मिक और शारीरिक गतिविधि है जो भक्तों को कई लाभ प्रदान करती है। यह यात्रा न केवल भगवान शिव को प्रसन्न करने का तरीका है बल्कि आत्म अनुशासन भक्ति और समर्पण की भावना को भी बढ़ाती है इसके अतिरिक्त यह एक बेहतरीन व्यायाम है जो स्वास्थ्य और सहनशक्ति में सुधार करता है।

## भाजपा के 11 वर्ष के शासन में प्रत्येक वर्ग का हुआ है विकास : हरीश मल्होत्रा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा नेता वरिष्ठ समाजसेवी मल्होत्रा ने कहा कि भाजपा के 11 वर्ष के शासन में हर वर्ग का विकास हुआ है। बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार केंद्र सरकार ने देश में हर वर्ग का ध्यान रखते हुए विकास के कार्य किए हैं। केंद्र सरकार की हर योजना गरीबों के कल्याण और उनके जीवन को आसान बनाने के लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय राजनीति को सत्ता के साधन से निकाल कर सेवा सुशासन और समर्पण की साधना से में परिवर्तित किया है। यह अमृतकाल केवल आर्थिक प्रगति का युग नहीं बल्कि भारत के आत्मबोध और वैश्विक दायित्व का दौर है। कांग्रेस सरकार में 2014 के पहले का भारत आतंकवाद भ्रष्टाचार नक्सलवाद और कमजोर नीतियों का शिकार था। आज का भारत आत्मविश्वास से भरा सुरक्षित तकनीकी रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बन चुका है। बीते 11 वर्षों में देश की सोच बदली है 11 वर्षों में देश की सोच स्वाभिमान आत्मबल बदला है।

## बैनामा क्या है और इसका उपयोग कहां होता है : रामानंद गोयल



गाजियाबाद, करंट क्राइम। बैनामा लेखक व पूर्व महानगर अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल गाजियाबाद रामानंद गोयल ने बताया कि बैनामा वह लीगल डॉक्यूमेंट होता है जिसके माध्यम से एक शख्स दूसरे शख्स को प्रॉपर्टी का मालिक आना हक ट्रांसफर करता है। इसे सेल डीड भी कहते हैं। बैनामा प्रॉपर्टी के लेनदेन में अहम भूमिका निभाता है। बैनामा एक लेख लीगल डॉक्यूमेंट है जो यह साबित करता है कि किसी प्रॉपर्टी की बिक्री हो चुकी है और उसका पूरा हक विक्रेता से खरीदार को मिल गया है। यह डॉक्यूमेंट बताता है कि अब उस जमीन या मकान का मालिक खरीददार है। जब बैनामा रजिस्ट्री ऑफिस में रजिस्टर्ड हो जाता है तभी प्रॉपर्टी खरीदने का काम पूरा माना जाता है बैनामे में विक्रेता खरीददार की पूरी जानकारी संबंधित जमीन की जानकारी गवाहों की जानकारी स्टांप नक्शा जैसी डिटेल शामिल होती है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 की हुई घोषणा

## गाजियाबाद बना वाटर प्लस प्लस, नगर आयुक्त ने टीम को दी बधाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में गाजियाबाद 38वें नंबर से 11 पर राष्ट्रीय रैंक में आया उछाल, महापौर ने शहर वासियों तथा निगम अधिकारियों को दी शुभकामनाएं। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के परिणामों की घोषणा हुई, जिसमें महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के कुशल नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम की कड़ी मेहनत का फल देखने को मिला है। गाजियाबाद का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा जिसमें फील्ड सर्वे के आधार पर परिणाम की घोषणा की गई जिसका कार्यक्रम दिल्ली विज्ञान भवन में आयोजित हुआ।





भारत की राष्ट्रपति की उपस्थिति में स्वच्छता सर्वेक्षण परिणाम की घोषणा हुई। स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम मौके पर उपस्थिति रही, गार्बेज फ्री सिटी में गाजियाबाद जो की 3 स्टार था कड़ी मेहनत के बाद गाजियाबाद को फाइव स्टार घोषित किया गया, ओडीएफ प्लस प्लस से गाजियाबाद वाटर प्लस प्लस बना राष्ट्रीय रैंक में भी उछाल आया है 38 रैंक से भारत 11 नंबर का मुकाम हासिल कर चुका है। उत्तर प्रदेश में भी टॉप फाइव में शामिल है जिसके लिए महापौर तथा नगर आयुक्त द्वारा शहर वासियों तथा गाजियाबाद नगर निगम टीम को शुभकामनाएं दी गई तथा उत्साहवर्धन किया गया।

## गार्बेज फ्री सिटी में गाजियाबाद 3 स्टार से हुआ 5 स्टार गीला-सूखा कचरा पृथक्करण में रही कमी





### 'स्वच्छता सर्वेक्षण में गाजियाबाद ने फिर बाजी मारी'



**करंट क्राइम।** अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार द्वारा बताया गया कि महापौर तथा नगर आयुक्त के नेतृत्व में स्वच्छता सर्वेक्षण में गाजियाबाद ने फिर बाजी मारी है। राष्ट्रीय रैंक बढ़ोतरी हुई है। भारत में गाजियाबाद का 11वां स्थान है, जो कि 38 रैंक पर था इसी प्रकार टॉप फाइव में भी गाजियाबाद शामिल रहा' सार्वजनिक साफ सफाई, आवासीय अनवासीय भवन की साफ सफाई, तालाबों की साफ सफाई, लेगेसी वेस्ट निस्तारण की कार्यवाही में गाजियाबाद को 100 में से 100 अंक प्राप्त हुए, सार्वजनिक शौचालय का रखरखाव साफ-सफाई में 97 अंक प्राप्त हुए डोर टू डोर पूरा कलेक्शन में गाजियाबाद को 98 अंक प्राप्त हुए कूड़ा उत्सर्जन के सापेक्ष निस्तारण की कार्यवाही में 91 अंक प्राप्त हुए, शहर वासियों द्वारा कचरा पृथक्करण अपनाते हुए गीले तथा सूखे कचरे को अलग-अलग करने की प्रक्रिया में भी 57 अंक प्राप्त हुए। नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि ओवरऑल गाजियाबाद शहर वासियों तथा स्वास्थ्य विभाग टीम तथा निगम की एसबीएम टीम के द्वारा बेहतर कार्य किया गया है जिसके परिणाम भी बेहतर प्राप्त हुए हैं आगे और अधिक कड़ी मेहनत से कार्य किया जाएगा विशेष रूप से सेग्रीगेशन पर जन-जन को जागरुक करते हुए कचरा पृथक्करण को बढ़ाया जाएगा तैयारी जारी रहेगी बताया गया।

### सेग्रीगेशन में शहरवासियों तथा निगम को और अधिक मेहनत की जरूरत : महापौर



**करंट क्राइम।** गार्बेज फ्री सिटी में गाजियाबाद को हासिल फाइव स्टार पर महापौर ने स्वास्थ्य विभाग को विशेष रूप से बधाई दी शुभकामनाएं दी जो की थ्री स्टार था अब फाइव स्टार बन चुका है जिसमें शहर वासियों की अहम भूमिका रही है शहर वासियों को भी शुभकामनाएं दी गई 455 कूड़ा स्थल ऐसे थे जिनको विलुप्त किया गया तथा वहां पर सौंदर्य करण की कार्यवाही की गई जिस पर सर्वे के आधार पर सुखद परिणाम प्राप्त हुए हैं, सीवर का सत प्रतिशत जल ट्रीटमेंट करने पर वाटर प्लस प्लस प्राप्त हुआ है जो की सराहनीय है, उत्तर प्रदेश में भी टॉप फाइव में गाजियाबाद शामिल है और अधिक मेहनत शहर हित में शहर वासी तथा निगम अधिकारी मिलकर करेंगे आगे अच्छे परिणाम मिलेंगे उत्साहवर्धन किया गया। महापौर द्वारा गाजियाबाद परिणाम की शुभकामनाएं देते हुए गाजियाबाद की चुनौतियों के बारे में भी बताया गया जिसमें सबसे बड़ी चुनौती अधिकृत प्रोसेसिंग ग्राउंड न होने की बताई गई गाजियाबाद नगर निगम के पास उत्सर्जित कचरा को प्रोसेसिंग करने के लिए अपनी कोई खुद की जमीन नहीं है बताया गया तथा कचरा पृथक्करण में भी शहर वासियों को और अधिक जागरूक होने की जरूरत है बताया गया आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में और अधिक बेहतर अंक प्राप्त होंगे अधिकारियों को विशेष कार्यवाही करने के लिए भी निर्देश दिए गए।

### नगर आयुक्त ने निगम अधिकारियों, स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम तथा समस्त निगम परिवार को दी शुभकामनाएं



**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा भी निगम अधिकारियों, स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम तथा समस्त निगम परिवार को शुभकामनाएं दी गई, मोरटा, भिक्कनपुर, इंदिरापुरम, प्रताप विहार व अन्य स्थानों से लगभग 15 लाख मैट्रिक टन लेगेसी वेस्ट खतम किया गया है, मियांवकी पद्धति से 19.6 हेक्टर भूमि पर पौधारोपण किया गया वहीं पौधे अब वृक्ष बन चुके हैं जो की गाजियाबाद के पर्यावरण के लिए बहुत ही सुखद है जिसको ध्यान में रखते हुए सर्वे के आधार पर गाजियाबाद को फाइव स्टार रेटिंग मिली है, स्वच्छता सर्वेक्षण 2024- 25 के परिणाम सुखद है जिसका श्रेय शहर निवासियों तथा निगम की टीम को जाता है जनप्रतिनिधियों का भी विशेष सहयोग रहा है जो की सराहनीय है'





- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नगर निगम में गूंजेगी भाजपा पार्षदों के नारों की आवाज? मिनट्स को लेकर पार्षदों ने घंटों तक नहीं बल्कि कई दिनों तक कर लिया इंतजार? सुना है अब वो प्रदर्शन के लिए हो रहे हैं बेकरार? आखिर ऐसा क्या है जो मीटिंग के मिनट्स नहीं आ रहे हैं बाहर? कहने वाले ने कहा लखनऊ वाली फिल्म होने जा रही है नगर निगम में रिजीज? पार्षद खोलंगे मोर्चा और सबसे बड़ी बात ये है कि नारों की गूंज में बहेगा भगवा झरना? जब भाजपा के ही पार्षद देंगे नगर निगम पर धरना?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्या रहेगा मिनट्स वाले मोर्चे को लेकर कांग्रेस के पार्षदों का सीन? कहने वालों ने कहा कि यहां उसके पास विधायक हैं केवल तीन? अभी तक मिनट्स वाली डिमांड में नहीं दिखे हैं हाथ वाले पार्षद फूल वाले पार्षदों के साथ? सुना है तीन में से एक वार्ड को चला रहे हैं महिला पार्षद के पुत्र? ये बात लग रही है सबको ही बहुत विचित्र? कहने वाले ने कहा कि शहर वाले वार्ड के पार्षद कैसे खोलेंगे अपनी बुआ जी के खिलाफ मोर्चा? वो भले ही हाथ से जीते हैं चुनाव लेकिन वो अंदरखाने बताये जाते हैं भाजपा के साथ? क्या हाथ वाले पंडित जी कर पायेंगे इस स्थिति में अपनी बुलंद आवाज?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब नगर निगम में गूंजेगी पार्षदों के विरोध की आवाज? तब क्या सांसद और विधायक आयेंगे नगर निगम में धरने पर बैठे पार्षदों के साथ? अगर वो निगम की विशेष बैठक में आकर रख सकते हैं बात? तो क्या वो धरने पर भी दिखेंगे साथ? कहने वाले ने कहा कि कौन किसके सपोर्ट में है ये धरने से ही खुलेगा राज?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** टैक्स वाले मामले के बाद आ गया है विकास वाली रोड पर कोई रोचक मोड? सुना है लग गई है उस वाले विकास पर रोक, जिसकी कीमत है पूरे एक करोड़? पार्षद कह रहे हैं हमें कर दिया गया है विकास वाले सीन से आउट? सुना है हर वार्ड में हो गई है कुछ ऐसी ही कहानी? सभी वार्डो में रूक गये हैं एक करोड़ वाले कोटे के काम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार वाले ठाकुर पार्षद ने कर दिया है कार्यकारिणी चुनाव लड़ने का ऐलान? ठाकुर साहब के अलावा राय पार्षद ने भी दे दी है अपनी राय? पता चला है यहां पर पार्षद को मिला है 20 पार्षदों का सपोर्ट? वो कह चुके हैं जब उम्मीदवार हमारा वोट हमारे तो डंके की चोट पर लड़ेंगे चुनाव? नदिया पार से आ रहा है ये चुनावी ऐलान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** निगम कार्यकारिणी के बाद उपाध्यक्ष वाले चुनाव में दिखेगा रोचक नजारा? पहली बार के मेयर देख रहे थे डिप्टी मेयर बनने के सपने? सुना है अंदरखाने लगा रहे हैं फिल्डिंग उनके खिलाफ उनके ही अपने? कहने वाले ने कहा कि नहीं मिलने जा रहा है पहली बार के किसी पार्षद को निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष बनने का कोई चांस? सीनियर पार्षदों ने मामला पहुंचा दिया है संगठन वाले बड़े चेहरे के पास?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मंडल प्रधान की क्यों फिसल गई जुबान? सुना है नदिया पार वाले उस धरा के मंडल प्रधान ने कर दी कुछ ज्यादा ही कठोर अपनी जुबान? काम ना करने वाले देवतुल्यों को कर दिया उन्होंने बूथ बनाने का ऐलान? मामला पहुंचा जब भगवा झा के पास तो उन्होंने बात को संभाला? मंडल प्रधान को दी राय, ये देवतुल्य हैं पार्टी के और इनके बारे में कभी इस तरह से नहीं बोला जाता? कहने वाले ने कहा कि मंडल प्रधानों की लगाई जानी चाहिए पहले एक बिहेव कार्यशाला? ये कोई बात नहीं है कि जो उनकी जुबान पर आया? वही उन्होंने बोल डाला?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के उस विहार में चल रहा है फोटो वाला दंगल? अब सीन में आ गया किसान मोर्चा वाला मंडल? बताते हैं फार्मर फ्रंट के मंडल प्रधान ने नहीं लगाया अपने बैनर पर मुख्य वाले मंडल प्रधान का फोटो? तस्वीर को लेकर बढ़ रहा है धीरे-धीरे उस वाले विहार में कुछ तो विरोध? कहने वाले ने कहा कि आखिर क्यों हो रहा है रावल जी का बृज में इतना विरोध? क्या मामला पहुंचेगा हैवीवेट वालों की अदालत में? कहने वाले ने कहा कि आखिर सब कुछ यहां उन्हीं के आशीर्वाद से है?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्यों है इन दिनों निगम के एक एक्स डिप्टी मेयर कुछ ज्यादा ही खामोश? सुना है वो चल रहे हैं सियासत का हर कदम देखभाल कर? वो हाउस टैक्स से लेकर निगम कार्यकारिणी के चुनाव तक रहेंगे पूरी तरह खामोश? वो नहीं चाहते कि निगम की लीडरी के चक्कर में खो दें अपने डिप्टी मेयर होने का चांस? बताया जाता है उन्होंने माहौल को कर लिया है अपने फेवर में? वैसे भी वो वार्ड से लेकर निगम के सदन तक माने जाते हैं सबसे बड़े खिलाड़ी श्री मान ?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** 30 जून को हुई बैठक के मिनट्स को लेकर क्यों करवाया जा रहा है पार्षदों को इंतजार? क्या मेयर को इस मामले में फ्रंट पर आकर खत्म करना चाहिए ये पूरा सस्पेंस? क्या हो रही है मिनट्स देने में इतनी देरी? कहने वाले ने कहा कि सरकार में सरकार के पार्षद धरना दें, इससे नहीं जाता है अच्छा संदेश?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# लाखों की लूट के मामले में मुठभेड़ के बाद 6 बदमाश गिरफ्तार, 23 लाख रुपए हुए बरामद

## चार बदमाश भी जल्द होंगे गिरफ्तार, मिली इंदिरापुरम पुलिस को कामयाबी

### डीसीपी ट्रांस हिंडन की स्वॉट टीम ने खोला है पूरा केस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इंदिरापुरम थानाक्षेत्र के कनवानी के निकट हुई ग्रॉसरी स्टोर के मालिक प्रवेश बिश्नोई से लाखों की लूट के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। इस मामले में डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव और क्राइम स्वॉट टीम ने कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए 23 लाख रुपए बरामद किए हैं जबकि बाकी रकम बरामद करने के लिए चार बदमाशों की तलाश जारी बताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि इस पूरी घटना में पुलिस ने मास्टरमाइंड सुरेंद्र को दबोचा है। जिसके ऊपर 13 आपराधिक मुकदमे हैं। तो मुखबिरी करने वाले सचिन और मुकुल की निशानदेही के बाद रितेश, विवेक, विशाल और आकाश को गिरफ्तार किया गया है। इंदिरापुरम पुलिस ने इस मामले में तीन बदमाश एनकाउंटर के बाद दबोचे हैं। तो अन्य को भी सूचना के बाद दबोचा गया है। गुरुवार को एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी ने पत्रकारों को खुलासे की पूरी जानकारी दी।



### पुलिस हवाला की रकम होने को लेकर भी कर रही है जांच, आयकर विभाग में अलर्ट

**करंट क्राइम :** इस पूरे मामले में एसीपी इंदिरापुरम ने जानकारी दी है कि आरोपी सुरेंद्र के ऊपर स्नेचिंग के साथ ही कौशांबी, इंदिरापुरम, गौतम बुद्ध नगर और बुलंदशहर मिलाकर कुल 13 मुकदमे हैं। इसी ने अन्य बदमाशों से संपर्क किया था और लूट का प्लान को सफल कराया था। इस मामले में सचिन और मुकुल ने मुखिबरी की थी, तो आकाश, नितेश, विवेक और विशाल जो अलग-अलग कंपनी में काम किया करते थे। मिलकर लूट का पूरा प्लान बताया था। पकड़े गए सभी बदमाश गौतम बुद्ध नगर के बताए जा रहे हैं। तो वहीं चार फरार आरोपियों की भी तलाश की जा रही है। वहीं लूट की इस वारदात में हवाला का पैसा होने का शक जाहिर किया जा रहा है। जिसके बाद आयकर विभाग की टीमें भी अलर्ट हो गई हैं।

### पुलिस कमिश्नर ने खुलासा करने वाले टीम को इनाम की घोषणा की

करंट क्राइम : लाखों रुपए की लूट के खुलासा करने वाली टीम के लिए पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद रे रविंदर गौड ने इनाम की घोषणा की है। जल्द ही खुलासा करने वाली टीम को नगद पुरस्कार दिया जाएगा। बताया जा रहा है केस को डीसीपी ट्रांस हिंडन की स्वॉट टीम व थाना इंदिरापुरम की टीम द्वारा खोला गया है। तो वहीं इसमें नाका प्रभारी शिप्रा सनसिटी जयकुमार और अन्य एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव व पुलिसकर्मियों की भूमिका भी रही है।

# सुन्दरदीप फार्मेसी कॉलेज के छात्र अनुभव ने रचा इतिहास

## देशभर में पहला स्थान प्राप्त कर बढ़ाया संस्थान का मान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुन्दर दीप फार्मेसी कॉलेज के बी. फार्मा अंतिम वर्ष के छात्र अनुभव ने देशभर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कॉलेज व परिवार का नाम रोशन किया है। उन्होंने ठव्द्धएफ़ खएए 2025 में अखिल भारतीय प्रथम रैंक (AIR-1) और GPAT 2025 में अखिल भारतीय द्वितीय रैंक (AIR-2) प्राप्त किया है।



यह उपलब्धि अनुभव की अथक मेहनत, लगन और शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। उनकी यह सफलता केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि संस्थान के लिए गौरव का क्षण है। इसने यह सिद्ध कर दिया है कि रउद्धउ न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देता है, बल्कि छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए भी सक्षम बनाता है।सुंदर दीप समूह के अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसन्नजीत कुमार, कॉलेज निदेशक प्रो. डॉ. आर. डी. गुप्ता एवं सभी संकाय सदस्यो ने अनुभव को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

संस्थान को गर्व है कि हमारे छात्र राष्ट्रीय फामेर्सी क्षेत्र में नया इतिहास रच रहे हैं।

# रामायण थीम पार्क के निर्माण का जल्द कार्य होगा आरंभ

## 22 करोड़ 50 लाख की लागत से तैयार होगा रामायण थीम पार्क

### एनसीआर में न केवल उत्कृष्ट होगा पार्क, बल्कि सांस्कृतिक जागरूकता को देगा बढ़ावा : अतुल वत्स

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा देश की राजधानी दिल्ली सीमा से लगी कोयल एन्कलेव योजना में बहुत जल्द रामायण थीम पर आधारित पार्क के मुख्य निर्माण कार्य आरंभ हो जाएगा, इसके लिए साइट की तैयारी शुरू हो चुकी है। जीडीए के अधिकारियों ने गुरुवार को रामायण थीम पर आधारित पार्क की साइट का स्थलीय निरीक्षण किया । हाल ही में प्राधिकरण के द्वारा पार्क के विकास,रखरखाव और संचालन के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए थे। इस दौरान चार एजेंसियों में से तीन पात्र एजेंसियों के द्वारा प्राधिकरण के सभागार कक्ष मे प्रस्तुतिकरण दिया गया था। प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि 22 करोड 50 लाख की लागत से प्रस्तावित







रामायण थींम पार्क के विकास,रखरखाव एवं संचालन के लिए एजेंसी का निर्धारण कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत 10 वर्षो तक पार्क के संचालन और अनुरक्षण की जिम्मेदारी चयनित एजेंसी को दी गई है ।रामायण आधारित थीम पार्क को 22700 वर्ग मीटर क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है। पार्क में आने वाले लोगो को आधुनिक तकनीक के साथ सांस्कृतिक विरासत के दर्शन कराए जाएंगे ।थीम पार्क में आधुनिक तकनीक और भारतीय सांस्कृतिक विरासत का समन्वय होगा। पार्क में फाइव डी मोशन चेयर थिएटर, मिरर हाउस, होलोग्राफिक प्रोजेक्शन, लाइट एंड साउंड शो के साथ रामायण के प्रमुख पात्रों की 15 मूर्तियां और कुल 45 कलात्मक प्रतिष्ठान स्थापित किए जाएंगे। परियोजना के पूर्ण होने पर न केवल गाजियाबाद को एक नया पर्यटन स्थल मिलेगा, बल्कि यह सांस्कृतिक जागरूकता को भी बढ़ावा देगा।

प्राधिकरण द्वारा जारी आरएफपी (रिक्वेस्ट फार प्रपोजल) के तहत चयनित एजेंसी को कार्य सौंपा गया है।